हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, सोमवार 21 अक्टूबर 2024



## क्रेस्ट फैक्टी में मजदूर की मौत पर प्रदर्शन, मुआवजे की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

जिले के सोमनी थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम जोरातराई स्थित क्रेस्ट स्टील फैक्ट्री में आज दोपहर एक मजदूर की मौत के बाद मुआवजा की मांग को लेकर मृतक के परिजनों और ग्रामीणों ने प्रदर्शन किया।

क्रेस्ट स्टील फैक्ट्री में कार्यरत 38 वर्षीय ग्राम जोरातराई निवासी योगेश कुमार साहू रोज की तरह ही फैक्ट्री में काम पर गया हुआ था। इस दौरान वह अचानक बेहोश हो गया। जिसके बाद उसे उपचार के लिए दुर्ग अस्पताल ले जाया गया, जहां रास्ते में उसकी मौत हो गई। इसके बाद मृतक के परिजनों और अन्य ग्रामीणों द्वारा फैक्ट्री के बाहर प्रदर्शन करते 15 लाख रुपए मुआवजा देने की मांग की गई।

### जांच कर रही पुलिस

इस मामले में राजनांदगांव सीएसपी पुष्पेंद्र नायक ने बताया कि मृतक की तबीयत खराब थी और वह बेहोश हो गया था। जिसके बाद उसकी मौत हुई है। मृतक की बॉडी भिलाई के शंकरा अस्पताल में रखी गई है। पोस्टमार्टम पश्चात मृतक का शव परिजनों को सौंपा जाएगा। वहीं पुलिस इस पूरे मामले की जांच कर रही है।



### ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

क्रेस्ट स्टील फैक्ट्री में मजदूर की अचानक मौत की जानकारी मिलने पर बड़ी संख्या में लोग एकत्रित हो गए और मुआवजा राशि को लेकर प्रदर्शन करने लगे। देर शाम तक लोग फैक्ट्री के बाहर प्रदर्शन में डटे रहे। इस दौरान प्रशासन को सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस और प्रशासन की टीम ने लोगों को समझाईश दी और नियम अनुसार मुआवजा दिए जाने की बात कही गई।

## चांद को अर्ध्य देकर मांगी पति की लम्बी उम्र



राजनांदगांव। पति के दीर्घायु की कामना लिए महिलाओं ने रविवार को श्रद्धा भक्ति के साथ करवा चौथ का कठिन व्रत रखा। निर्जला व्रत रखकर महिलाओं ने शाम को चांद का दर्शन कर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की व व्रत पूर्ण किया। मौसम में अचानक बदलाव की वजह से आसमान में चांद के दर्शन करने के लिए शाम के समय महिलाओं को इंतजार करना पड़ गया। ज्ञात हो कि आज करवा चौथ पर्व पर बड़ी संख्या में महिलाओं ने निर्जला व्रत रखकर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की दिनभर धार्मिक कार्यक्रमों में व्यस्तता बनी रही। शाम होते ही महिलाओं ने पूजा सामग्रियों की थाल लिए चांद के दर्शन किए। तपश्चात व्रत पूर्ण किया। कई महिलाओं ने मंदिर परिसर में एकत्र होकर विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर करवा चौथ का पर्व मनाया।

## सड़क हादसे में एसपी के वाहन चालक सिपाही की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खैरागढ़

राजनांदगांव कवर्धा राजमार्ग में सड़क हादसों में ब्रेक नहीं लग पा रहा है। रविवार दोपहर दो बजे के आसपास सिंगारपुर में दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक सवार की तेज रफ्तार ट्रक की चपेट में आने से ऑनस्पॉट मौत हो गई। हादसे में बाइक दो टुकड़ों में बंट गई। वहीं मृतक की पहचान ओमकार सिंह धुर्वे पिता चैतराम धुर्वे निवासी ग्राम सांकरी थाना जंगल गातापार के रूप में हुई है, जो बीते सात-आठ महीनों से एसपी का वाहन चला रहा था।



मौके पर मौजूद प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार आरक्षक ओमकार अपनी साइड में मोटर साइकिल चला रहा था, उसी दौरान तेज रफ्तार ट्रक ने उसे अपनी चपेट में ले लिया। घटना बाद ट्रक चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया। प्रशासन ने मामले की गंभीरता को देखते त्वरित पुलिस को घटनास्थल पर भेजा। पता चला है कि 2013 में पुलिस विभाग में एमटी आरक्षक के रूप में पदस्थ ओमकार धुर्वे दो साल पहले ही नए जिले में ट्रांसफर होकर आया था और एसडीओपी का वाहन चला रहा था। लगभग आठ महीने पहले ही एसपी की गाड़ी चलाने का अवसर मिला था।

रविवार अवकाश और करवा चौथ का व्रत होने के कारण राजनांदगांव में पाताल भैरवी मंदिर के पास किराये के मकान में निवासरत पत्नी और बच्चों से मिलने दोपहर को पल्सर मोटर साइकिल क्रमांक सीजी 08-4984 से राजनांदगांव जा रहा था, लेकिन सिंगारपुर गांव में साइड पर गाड़ी चलाने के बावजूद तेज रफ्तार ट्रक ने उसे अपनी चपेट में ले लिया। ठेलकाडीह थाना में अज्ञात ट्रक चालक के खिलाफ मामला पंजीबद्ध किया गया है। जबकि देर शाम ओमकार धुर्वे का शव पीएम बाद परिजनों को सौंपा गया। सोमवार सुबह गृहग्राम सांकरी में अंतिम संस्कार होगा।

### टोल नाका बचाने और कार्रवाई से बचने के चलते बढ़ रहा दबाव

खैरागढ़ से राजनांदगांव रोड पर लगातार हो रहे हादसे ने लोगों की चिंता को बढ़ा दिया है। कई बार इस रोड पर बढ़ते ट्रैफिक के दबाव और दुर्घटनाओं को लेकर शासन-प्रशासन का ध्यान आकर्षित कराया गया है, लेकिन अब तक इस दिशा में ठोस कदम नहीं उठाया गया। जिसके चलते सड़क हादसों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है।

### दो दिन पहले गई एक की जान

दो दिन पहले ही इसी रोड पर पेंड्रीकला में शाम 6 बजे के आसपास ट्रक की ठोकर से बढ़ईटोला निवासी तारन धुर्वे की दर्दनाक मौत हो गई थी और सड़क से खून के धब्बे अच्छे तरीके से मिटे ही नहीं हैं कि पेंड्रीकला से महज दस किमी आगे सिंगारपुर में सिपाही की मौत हो गई। हादसों को लेकर बताया जाता है कि इन दिनों राजधानी आने-जाने टोल नाका बचाने या और किसी कारण के लिए ज्यादातर बड़े-बड़े ट्रकों की आवाजाही शहर के ईतवारी बाजार होकर धमधा रोड का उपयोग करते हैं। जिसके चलते राजमार्ग सहित अंदरूनी सड़कों में ट्रैफिक का दबाव बढ़ गया है। जिसके चलते लगातार हादसों से जानमाल का नुकसान हो रहा है।












नगद खरीदें • सस्ता खरीदें
क्रेडिट व डेबिट कार्ड स्वीकार्य
दशहरा व दीपावली के शुभ अवसर पर पूरे परिवार का कपड़ा खरीदने व उपहार पाने का सुनहरा मौका
प्रशांत क्लॉथ मर्चेन्ट
थोक भाव में शहर का रिटेल कपड़ा दुकान
प्रकाश
होलसेल बाजार
Mo. 9981640064, 9993734455
सीधे कंपनी के भाव में 1 अक्टूबर से 1 नवंबर 2024 तक
सूरत साड़ी मेला
नया स्टॉक • नई डिजाईन • फुलरेंज
साड़ियां | टॉप व कुर्तियां | मेन्सवीयर | सूटिंग-शर्टिंग | हैण्डलूम
एवं समस्त रेडिमेड आइटम
शुक्ला मार्केट, चंडी मंदिर के पास, डोंगरगांव

श्री Restaurant
श्री फैमली रेस्टोरेंट
100% शुद्ध शाकाहारी
बर्थ-डे पार्टी, किटी पार्टी, एनेवर्सरी, बिजनेश मिटिंग एवं सभी अवसरों के लिये फैमली हॉल उपलब्ध है...
पार्सल सुविधा उपलब्ध
शुभम वैष्णव 87702 56822 | सुरेश वैष्णव 97521 52337
पता- माथलडबरी, डोंगरगांव (मोहड़ चौक से छुरिया रोड पर 1 कि.मी.)

## खबर संक्षेप

### मेला तैयारी की आड़ में लगाया चूना

**डोंगरगढ़।** क्वांर नवरात्र के दौरान नगर पालिका द्वारा फर्जी तरीके से दुकान आबंटन का मामला सामने आने के बाद अब मेला तैयारी के नाम से हजारों रूपए खर्च, पालिका के आवास एवं अस्थाई कार्यालय से दुकानदारों को अवैध तरीके से विद्युत कनेक्शन देने का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार मीना बाजार क्षेत्र के समतलीकरण, पेयजल, सीसीटीवी कैमरा, आश्रयस्थल की सफाई आदि के नाम से राशि आहरण करने की तैयारी कर्मियों ने कर रखा है। अंडर ब्रिज मार्ग की मरम्मत, नीचे मंदिर मैदान का समतलीकरण एवं सफाई के नाम से फर्जीवाड़ा की जमकर चर्चा है।

### मवेशियों से टकराकर गिरने से युवक की मौत

**गंडई पंडरिया।** सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई। लोकेश्वर ठाकुर नामक युवक अपनी होंडा मोटरसाइकिल से सामान लेने परपोड़ी गया था। वापसी के दौरान दनिया सोसाइटी के पास जानवरों से टकराकर दुर्घटनाग्रस्त हो गए। इस हादसे में लोकेश्वर ठाकुर गंभीर रूप से घायल हो गया था जिसे 108 वाहन से सरकारी अस्पताल ले जाया गया, जहां जांच के बाद डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने धारा 106 (1) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया है।

### स्काउट गाइड शिविर का समापन

**सड़क अतरिया।** राज्य स्तरीय स्काउट गाइड प्रशिक्षण शिविर का



आयोजन ठंडार हाईस्कूल में 14 से 20 अक्टूबर तक किया गया। शिविर के समापन कार्यक्रम में पूर्व विधायक कोमल जंघेल शामिल हुए। स्काउट गाइड की ओर से उनका सम्मान किया गया। शिविर में विभिन्न स्कूलों के 239 शिक्षक शिक्षिका, बेसिक कब मास्टर 93, बेसिक फ्लॉक लीडर 34, बेसिक स्काउट मास्टर 62, बेसिक गाइड कैप्टन 21 , बेसिक रोवर स्काउट लीडर 17, बेसिक रेंजर लीडर 13 शामिल हुए।

### साक्षरता केंद्र का शुभारंभ

**सोमनी।** कलेक्टर संजय अग्रवाल के मार्गदर्शन एवं जिला पंचायत सीईओ सुरूचि सिंह के निर्देशन में उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम का




संचालन किया जा रहा है। उल्लास साक्षरता केन्द्रों में साक्षरता कक्षाओं का संचालन स्वयंसेवी शिक्षकों द्वारा किया जा रहा है। अंजोरा में संचालित प्राथमिक शाला में उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम अंतर्गत साक्षरता केन्द्र का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर जिला परियोजना अधिकारी रश्मि सिंह ने बताया कि यह योजना 15 वर्ष से अधिक उम्र के उन लोगों के लिए प्रारंभ की गई है, जिन्होंने किसी कारणवश पढ़ाई नहीं किया है। कार्यक्रम में कल्पना पटले, मुक्ता वैष्णव, निशा देशमुख, लोमश देशमुख, केडी साहू, चन्दूलाल साहू, महेश साहू, संदीप साहू, मीनाबाई शिवारे, मेहतरीन, रामकली साहू, संत्री सेन, ब्रिजबाई साहू, शंकरलाल, ईश्वरी साहू, टीकम साहू, ममता भुआर्य, रामसिंह, नेहा साहू, कुमकुम देशमुख, झरना साहू, अर्चना साहू, भूमिका साहू, मानसी साहू, सुरेंद्र साहू, दीक्षा साहू, देविका साहू, मनीष सिन्हा, प्रिंस सिन्हा समेत अन्य मौजूद थे।

### आपरेटरों के बाद अन्य कर्मी भी आंदोलन की राह पर

# सोसायटियों का कामकाज पर आज से लगेगा विराम

हरिभूमि न्यूज ⏭ सड़क अतरिया

धान खरीदी केन्द्रों के कम्प्यूटर आपरेटर अपनी दो सूत्रीय मांग को लेकर बीते 32 दिनों से आंदोलित हैं।

आंदोलन के एक माह बीतने के बाद भी संघ की न मांग पुरी हुई है और न आश्वासन मिला है। कल सोमवार को आपरेटर संघ मुख्यमंत्री निवास का घेराव करेगा।

क्षेत्र के सभी आपरेटर कामकाज बंद कर रायपुर में प्रदर्शन कर रहे हैं। कल से संघ उग्र प्रदर्शन करेगा। आपरेटरों के हड़ताल पर रहने से सोसायटी का आनलाईन काम बंद है।




#### समिति के कर्मचारी भी हड़ताल पर

कल सोमवार से सेवा सहकारी समिति के कर्मचारी भी तीन सूत्रीय मांग को लेकर आंदोलन करने वाले हैं। सोमवार और मंगलवार को समिति के कर्मचारी जिला मुख्यालय में प्रदर्शन करेंगे। आगामी बुधवार को भोजन अवकाश के बाद नारेबाजी कर आवाज बुलंद करेंगे। मांग पूरी नहीं हुई तो आगामी 4 नवम्बर से अनिश्चित कालिन आंदोलन करेंगे। कर्मचारियों के हड़ताल पर जाने से सेवा सहकारी समितियों का काम ठप्प हो जाएगा।

#### पहले भी कर चुके आंदोलन

जानकारी के अनुसार करीब दो माह पहले भी कम्प्यूटर आपरेटरों ने तीन दिवसीय हड़ताल कर सरकार का ध्यान आकर्षित किया था। उन्होंने अनिश्चितकालिन आंदोलन की चेतावनी दिया था। लंबित मांग पूरा नही होने पर संघ अब अनिश्चित कालिन हड़ताल पर है। धान खरीदी केन्द्रों में करीब 17 सालों से कार्यरत आपरेटरों को अब न नियमित किया गया है और न वेतन में अपेक्षित वृद्धि की गई है।

## भूलाटोला में कृषक सूचना केन्द्र का हुआ उद्घाटन



हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान

रानी अवंतीबाई लोधी कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र ने भूलाटोला में रावे अंतर्गत कृषक सूचना केन्द्र का शुभारंभ किया। मुख्य अतिथि कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा थे। उन्होंने कहा कि यह कृषक सूचना केन्द्र ग्रामवासियों के लिए बहुत उपयोगी साबित होगा। इसके माध्यम से कृषक तकनीकी जानकारी हासिल कर सकते है। उन्होंने छात्र-छात्राओं के कृषि मॉडल, गांव का नक्शा आदि की सराहना की। कृषक सूचना केन्द्र में ड्रिप सिंचाई पद्धति, पाली हाऊस, धान की श्री विधि, खेती में यंत्रीकरण, जीरो एनर्जी कूल चेम्बर, हाइड्रोपोनिक्स, फल सब्जी प्रसंस्करण, नर्सरी उत्पादन, जैविक खेती, मुनगा उत्पाद, वर्टिकल फार्मिंग, बायोकंट्रोल तकनीक, एकीकृत कृषि प्रणाली, उच्च नस्ल की बकरी, जमुनापारी और उच्च नस्ल की खाकी कंबेल बत्तख आदि का प्रदर्शन किया गया।

#### उद्यमी बनने का आह्वान

अध्यक्षता कर रहे कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. एके गुप्ता ने रावे कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी देते हुए छात्रों को सफल उद्यमी बनने की प्रेरणा दी। संचालन करते हुए डॉ. बीएस असाटी एवं रावे कार्यक्रम अधिकारी ने कृषक सूचना केन्द्र की विस्तृत जानकारी दी। विशिष्ट अतिथि रविन्द्र मेहरा, लोकमान्य साहू, सौरभ जंघेल, सावित्री साहू, रामेश्वरी मंडावी उपस्थित थे। इस दौरान छात्र-छात्राओं ने छत्तीसगढ़ी नृत्य किया। अंत में डॉ. एसए ढेंगे ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

## जमीन पर कब्जा, आंदोलन करेगा कुंभकार समाज

- ग्लेजी यूनिट का होना है निर्माण

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

कुंभकार समाज के लिए छत्तीसगढ़ माटी कला बोर्ड के माध्यम से प्रस्तावित ग्लेजी यूनिट निर्माण के लिए आबंटित जमीन पर कब्जा करने के मामले में अपेक्षित कार्रवाई नहीं होने से लोगों की नाराजगी बढ़ रही है। इस मामले को लेकर कुंभकार समाज दीवाली बाद आंदोलन करने के मूड में है।

उल्लेखनीय है कि विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह ने अपने मुख्यमंत्रीत्व काल में कुंभकार समाज के लोगों को नई तकनीक का उपयोग कर मिट्टी के समान बनाने का प्रशिक्षण देने और बेहतर सुविधा उपलब्ध कराने के लिए ग्लेजी यूनिट निर्माग्की स्वीकृति दिया था। ग्लेजी यूनिट के लिए बीटीआई के पास दो एकड़ जमीन दिया गया था। प्रशासनिक प्रक्रिया में विलंब के बाद प्रस्तावित जमीन पर नगर पंचायत ने इस आश्वासन के साथ गार्डन बनवा दिया कि अन्य जगह पर जमीन मुहैया कराया जाएगा।

#### समाज के साथ धोखा

ग्लेजी यूनिट के लिए आबंटित जमीन पर गार्डन निर्माण के बाद कुंभकार समाज के साथ छल करते हुए करियाटोला स्थित खसरा नं 168/ 2 रकबा 0.282 हेक्टेयर जमीन आबंटित किया गया है। आबंटित जमीन पर अब तक निर्माण शुरू नहीं हुआ है। जमीन के खाली होने के कारण लोगों ने कब्जा कर निर्माण करना शुरू कर दिया था। पूर्व में इस संबंध में शिकायत होने के बाद राजस्व विभाग ने कार्रवाई कर जमीन को अतिक्रमण मुक्त कराया था। कार्रवाई के कुछ दिनों बाद लोगों ने पुनः कब्जा करना शुरू कर दिया है।

#### शिकायत की अनदेखी

कुंभकार समाज के नंदलाल, यादवलाल, टेकश्वरलाल, राजू, रामलाल, गोपाल, मनोहर पांडे, मुकेश, ईश्वर, राकेश, सेवाराम, झनक राम, गुलशन, रुपलाल, मनोहर पाडे, नोहर कुंभकार आदि ने 20 मई और तीन अक्टूबर को अनुविभागीय अधिकारी से शिकायत करते हुए बताया था कि ग्लेजी यूनिट स्थापना के लिए आबंटित जमीन पर अतिक्रमण किया जा रहा है। विभाग का अमला कार्रवाई करने के बजाए जमीन दलालों से सेटिंग कर बचाने में लगा है।विभागीय उपेक्षा को देखते हुए कुंभकार समाज दीवाली बाद आंदोलन करने के मूड में है।

## स्वयंसेवकों ने शहर में किया पथ संचलन

**डोंगरगढ़।** विजय दिवस के अवसर पर आरएसएस के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने पथभ्रमण करते हुए शोभायात्रा निकाला। सरस्वती शिशु मंदिर से निकली शोभायात्रा का धार्मिक , सामाजिक संस्था के लोगों ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया।



हरिभूमि
पाठक सूचना
राजनांदगांव जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
8319268069, 9425565082

### शरद पूर्णिमा पर रंगारंग आयोजन

# सुर में सुर मिलाते हुए शहनाज अख्तर के साथ भक्ति गीतों में झूमे श्रोता

**डोंगरगांव।** सामाजिक सौहाद्र का प्रतीक बनी प्रसिद्ध भजन गायिका शहनाज अख्तर ने शरद पूर्णिमा के मौके पर आयोजित कार्यक्रम में करीब साढ़े तीन घंटे तक अंचल के लोगों को भक्ति रस में डुबोया। निशांत उत्सव समिति के आयोजन में रिकार्ड लोगों ने उपस्थिति दर्ज कराया।

कालेज मैदान में शरद पूर्णिमा के मौके पर निशांत उत्सव समिति ने रंगारंग कार्यक्रम आयोजित किया जिसमे सुप्रसिद्ध भजन गायिका शहनाज अख्तर ने शिरकत किया। पहली बार नगर में प्रस्तुति देने पहुंची शहनाज ने रात 10 से 1.30 बजे तक अपनी प्रस्तुति से अंचल के लोगों को भक्ति रस मे डुबोते हुए जमकर थिरकने मजबूर किया। कार्यक्रम की शुरुवात बालोद के जूनियर योगी राजेश शर्मा ने जय श्रीराम के उद्घोष के साथ किया। पब्लिक डिमांड पर शहनाज ने 30 से 40 भजनों की प्रस्तुति दी। तकदीर मुझे ले चल, भगवा रंग, नौ दिन बनी दुल्हनिया, महाकाल है तो किस बात की चिंता सहित अन्य भजनों में दर्शकों ने सुर में सुर मिलते हुए जमकर झूमे।



#### स्वल्पाहर का वितरण

कार्यक्रम के दौरान आयोजन समिति ने चाय, पोहा का वितरण किया। वही कार्यक्रम के बाद शरद पूर्णिमा के मौके पर दुर्गा मंदिर परिसर में डॉ महेश गंजीर ने दवा युक्त खीर का वितरण किया। इस मौके पर पूर्व सांसद प्रदीप गांधी, संतोष वैष्णव, दिनेश गाँधी, रामकुमार गुप्ता, गुलशन हिरवानी, स्वरूपचंद जैन, बालकृष्ण सिन्हा, संतोष यादव, हेमंत चोपड़ा, मनीष बोहरा, अमित गांधी, सौरभ जैन, अमिताभ श्री श्रीमाल, सत्यनारायण गांधी, एसपी श्री गर्ग, एसडीएम श्रीकांत कोर्राम, तहसीलदार पीएल नाग, थाना प्रभारी सहित अन्य बड़ी संख्या में मौजूद थे।

Gomti THRESHERS
किसान की पसंद
6&7 फेन
बुकिंग प्रारंभ
पैडी मल्टीक्राप थ्रेशर
7 पंखों वाला थ्रेशर मात्र 2 लाख से प्रारंभ
4 चक्का एवं 2 चक्का ट्राली भी उपलब्ध
पैरा दूर फेंके
उत्तम धान निकासी
शून्य रखरखाव
एक्सचेंज एवं फाईनेंस सुविधा उपलब्ध
गोमती एग्रो इण्डस्ट्रीज, रायपुर (छ.ग.) 8819840000

NX MODULAR KITCHEN Galaxy NX
/KitchenGalaxyNXModular
10-15 साल की वारंटी के साथ
No. Extra Expenses
इस त्योहार बनाएं मॉड्युलर किचन आकर्षक ऑफर के साथ...
Gift Hamper up to 15000/-*
₹60,000 ₹90,000 ₹1,50,000
C-4, Sector-1, Devendra Nagar, Near City Center Mall, Raipur 9977115597, 8319076661

Health Town
राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
(22 वर्षों से क्षेत्र में अनुभवी चिकित्सक)
न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ो में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
• जकड़न (Stiffness) व नशों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पॅरालिसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756 , 9303508130





### प्रदेश स्तर से जिले को मिला 1.68 लाख सदस्य बनाने का टारगेट

# सदस्यता का टारगेट पूरा करने में नेताओं के छूटे पसीने, अब तक 1.30 लाख ही बने

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

सितंबर महीने से शुरू हुआ भाजपा का सदस्यता अभियान स्थानीय नेताओं के लिए नया सिर दर्द बन गया है। प्रदेश स्तर से जिले के नेताओं को करीबन पौने दो लाख नए सदस्य बनाने का टारगेट दिया गया है, लेकिन रात-दिन मेहनत के बावजूद अब तक जिले में 1.30 लाख सदस्य ही बनाए जा सके हैं। अब शेष टारगेट पूरा करने के लिए नेताओं के पास 10 दिन का समय और शेष रह गया है।

इधर सदस्य बनाने वाले नेताओं को सक्रिय सदस्य बनाने का टॉस्क भी शुरू कर लिया गया है। बताया गया कि जिले में जिन नेताओं ने 50 या इससे अधिक लोगों को भाजपा से जोड़ा है, उन्हें ही पार्टी सक्रिय सदस्य का तमगा देगी। वहीं संगठन स्तर पर सभी पद के लिए चुनाव लड़ने के लिए भी सक्रिय सदस्य होने की अनिवार्यता रखी गई है। यही कारण है कि शहर से लेकर गांव तक भाजपा के कार्यकर्ता सक्रिय सदस्य बनने के लिए मेहनत कर रहे हैं।

भाजपा जिला संगठन से जुड़े नेताओं से मिली जानकारी के अनुसार इस बार सदस्यता अभियान के लिए राष्ट्रीय स्तर से ही फार्मेट भेजा गया था। इस फार्मेट में सभी सदस्यों की जानकारी लेना अनिवार्य था, फार्मेट पूरा भरने में ही सदस्यता अभियान से जुड़े नेताओं को सर्वाधिक मेहनत करनी पड़ी।

## 50 से अधिक सदस्य बनाने वाले ही बनेंगे सक्रिय सदस्य

### हर मंडल में बनेंगे 200 सक्रिय सदस्य

लगभग 1.30 लाख सदस्य बनाने के बाद भाजपा अब सक्रिय सदस्य बनाने में जुट गई है। बताया गया कि 50 साधारण सदस्य बनाने वाले कार्यकर्ताओं एवं नेताओं को सक्रिय सदस्य बनाया जा रहा है। जिले में कुल 10 मंडल है, हर मंडल में कम से कम 200 सक्रिय सदस्य बनाने का टारगेट मिला है। ज्ञात हो कि सक्रिय सदस्य बनने वाला नेता ही संगठन के पदों के लिए चुनाव लड़ पाएगा।




### विधायक-सांसद का अलग लक्ष्य

इस बार सदस्यता अभियान में नेताओं के फोर्टपोलियो के हिसाब से उन्हें टारगेट दिया गया है। बताया गया कि सांसदों को 20 हजार नए सदस्य बनाने कहा गया है। जिसमें स्थानीय सांसद संतोष पांडे ने 10 हजार से अधिक को भाजपा की सदस्यता दिलाई है। वहीं विधायकों को 10 हजार सदस्य बनाने कहा गया है। राजनांदगांव विधायक डॉ. रमन सिंह ने अपना टारगेट पूरा कर लिया है।

### ऑनलाइन-ऑफलाइन चला अभियान

बताया गया कि इस बार भाजपा ने देशभर में सदस्यता अभियान के लिए अलग से पोर्टल तैयार करवाया है। यही कारण है कि जिले में भी ऑफलाइन के साथ ही ऑनलाइन तरीके से भी सदस्यता अभियान चलाया गया। जिले में अब तक बने लगभग 1.30 लाख सदस्य में एक लाख सदस्य ऑनलाइन प्रणाली से भाजपा से जुड़े हैं। वहीं ऑफलाइन फार्म भरकर करीबन 30 हजार ने सदस्यता ली है।

### पहले के मुकाबले चार गुना सदस्य

राजनांदगांव जिला भाजपा संगठन में इससे पहले करीबन 40 हजार सदस्य ही पंजीकृत थे, लेकिन इस बार जिले का टारगेट चार गुना बढ़ा दिया गया था। बताया गया कि जिले को प्रदेश स्तर से 1.68 लाख सदस्य बनाने का लक्ष्य दिया गया है। इनमें अब तक 1.30 लाख सदस्य बनाए जा चुके हैं। वहीं मोहला-मानपुर एवं खैरागढ़ जिले के लिए अलग से टारगेट दिया गया है।

# दिन में लोडिंग-अनलोडिंग जगह-जगह लग रहा जाम

## त्यौहारी सीजन में यातायात की व्यवस्था चरमराई

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर की अव्यवस्थित यातायात के चलते आए दिन जाम लगने की समस्या से लोगों को जूझना पड़ रहा है। वहीं शहर के बीच गोदामों में लोडिंग-अनलोडिंग कार्य के लिए भी वाहनों को सड़क पर खड़ी किए जाने के चलते जाम की स्थिति बनती है।

जिसको लेकर यातायात विभाग द्वारा ध्यान नहीं दिए जाने के चलते सड़क पर ही वाहन खड़े किए जा रहे हैं। आगामी दिनों में दीपावली का पर्व है। ऐसे में शहर के बीच भीड़ भी बढ़ेगी, जिसे देखते हुए यातायात व्यवस्था दुरूस्त करने की जरूरत दिखाई दे रही है।

**आए दिन विवाद की स्थिति**

सड़क पर वाहन खड़े कर वाहनों में लोडिंग-अनलोडिंग कार्य के दौरान अक्सर जाम की स्थिति बनती है। जिसकी वजह से कइ बार राहगीरों और वाहन चालकों के बीच विवाद की स्थिति भी बन जाती है। वहीं सड़क पर खड़े वाहनों के चलते लोगों को समस्याओं का सामना करना पड़ता है।



### निर्धारित समय का नहीं हो रहा पालन

शहर में माल वाहनों से लोडिंग-अनलोडिंग के लिए समय निर्धारित है, लेकिन उस समय का पालन नहीं किया जा रहा है। व्यापारियों द्वारा किसी भी वक्त माल लोडिंग और अनलोडिंग कराया जा रहा है, जिस पर संबंधित यातायात विभाग द्वारा भी कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है।

### सबसे ज्यादा पुराना रेस्ट हाऊस रोड पर जाम

शहर के गंज चौक, नंदई, टांकापारा वेसलियन स्कूल रोड, गुडाखू लाईन और पुराना रेस्ट हाऊस रोड में दिन में किसी भी समय वाहनों से सामान लोडिंग-अनलोडिंग किया जाता है। सबसे ज्यादा वाहन पुराना रेस्ट हाऊस से लेकर रेलवे स्टेशन मोड़ तक लगी रहती है। रेस्ट हाऊस रोड़ में स्कूल से बच्चों की छुट्टी के वक्त दोपहर 12 से 2 के बीच कई बार जाम लगता है। यहां सड़क के दोनों ओर वाहन खड़ी कर दी जाती है। जिससे स्कूली बच्चों को भी समस्या होती है।

### फ्लाई ओवर के नीचे व्यवस्थित करें : चौधरी



शहर की बेतरतीब बाजार व्यवस्था को दीपावली पर्व पर बेहतर बनाने के उद्देश्य से भाजपा के वरिष्ठ नेता अशोक चौधरी ने नगर निगम एवं ट्रैफिक पुलिस को सुझाव दिया है कि गुड़ाखू लाइन, सिनेमा लाइन में दुकानदारों के कारण ट्रैफिक की व्यवस्था चरमराई हुई रहती है, लेकिन जयस्तंभ चौक पर अघोषित रूप से लगने वाली दुकानों को त्यौहारी मौसम में फ्लाई ओवर के नीचे लगाकर ट्रैफिक व्यवस्था एवं दुकानदारों की व्यवस्था सुधार सकते हैं। शहर के कामठी लाइन में घर के बाहर कार और मोटर साइकिल बेतरतीब खड़ी करने के कारण ट्रैफिक की व्यवस्था बिगड़ जाती है, यदि दुकानदार और कार मालिक अपने सामानों एवं गाड़ियों को व्यवस्थित करें तो ट्रैफिक व्यवस्था अपने आप सुधर जाएगी और दुकानदारों का व्यापार भी बढ़ेगा, लेकिन जयस्तंभ चौक से लेकर हंडी पसरा तक लगने वाले त्यौहारी दुकानों को फ्लाई ओवर के नीचे व्यवस्थित कर शहर के लोगों को सुगम यातायात दिया जा सकता है।

## नाबालिग को बहला-फुसलाकर ले गया, आरोपी गिरफ्तार

**राजनांदगांव।** नाबालिग को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले जाने के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है।

पुलिस सूत्रों के मुताबिक सुकुलदैहान पुलिस चौकी क्षेत्र अंतर्गत 10 सितंबर को प्रार्थी ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि 9 सितंबर को दोपहर लगभग 1 बजे घर के सभी लोग सुकुलदैहान गए थे। घर में इनकी नाबालिग बेटी उम्र 17 साल 10 माह थी, जिसे घर से कोई अज्ञात व्यक्ति द्वारा बहला-फुसलाकर भगा ले गया है। रिपोर्ट पर धारा 137(2), बीएनएस कायम कर विवेचना में लिया गया।

पुलिस टीम अपहता एवं अज्ञात आरोपी की पतासाजी हेतु टीम लगातार संभावित स्थानों पर जाकर दबिश दे रहा था। 19 अक्टूबर को मुखबीर की सूचना पर आरोपी के घर ग्राम गातापार से आरोपी परमानंद चंदेल उम्र 24 साल निवासी ग्राम गातापार के कब्जे से अपहता को बरामद किया गया। आरोपी द्वारा नाबालिग अपहता को बहला-फुसलाकर अपने साथ भगा ले गया था और अपहता को पूर्व से शादी का प्रलोभन देकर लगातार दैहिक शोषण करता रहा। जिससे नाबालिग पीड़िता 9 माह की गर्भवती हो गई। आरोपी एवं अपहता से पूछताछ, मेडिकल मुलाहिजा रिपोर्ट एवं विवेचना पर प्रकरण में धारा 64(2)(ड ) बीएनएसओ, 4, 6 पाक्सो एक्ट जोड़ा गया। आरोपी द्वारा धारा 137(2), 64(2)(ड) बीएनएस, 4, 6 पाक्सो एक्ट का घटित करना पाए जाने से आरोपी को 20 अक्टूबर को विधिवत गिरफ्तार कर ज्युडिशियल रिमांड पर माननीय न्यायालय में पेश किया गया, जो न्यायालय के आदेश से जिला जेल राजनांदगांव भेजा गया है। उपरोक्त कार्रवाई में चौकी प्रभारी सुकुलदैहान निरीक्षक राकेश कुमार मन्नाडे, सउनि चंपेश ठाकुर, प्रधान आरक्षक भूपेंद्र देशमुख, चालक आरक्षक अजय जोशी, महिला आरक्षक सरिता नेताम की सराहनीय भूमिका रही।

# दस्तावेज लेखकों व स्टांप वेंडरों की हड़ताल आज से

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

अचल संपत्ति के क्रय विक्रय के पंजीयन को लेकर जारी होने वाले नए नियम के विरोध में बीते महीने प्रतिनिधिमंडल से चर्चा बाद निराकरण की दिशा में सार्थक प्रयास शुरू नहीं होने से नाराज जिले भर के दस्तावेज लेखक और स्टांप वेंडर आज से अनिश्चितकाल हड़ताल पर काबिज हो जाएंगे। दस्तावेज लेखक व स्टांप विक्रेता संघ अध्यक्ष सुनील कुमार सिंह ने बताया कि बीते महीने उनकी मांगों के निराकरण को लेकर प्रशासन ने 15 दिनों का समय तय किया था, लेकिन एक महीने बाद भी इस संबंध में कोई पहल नही की गई है। पत्र का जवाब देने की जगह नई नई योजनाओं को लागू करने की जानकारी सामने आ रही है। उन्होंने कहा कि सुगम एप को लागू कर व्यक्ति द्वारा घर बैठे रजिस्ट्री कराने का प्रचार किया जा रहा है जो एक प्रकार से दस्तावेज लेखकों और स्टांप विक्रेताओं को बेरोजगार करने का उपक्रम प्रतीत हो रहा है। शासन से अपनी आजीविका की सुरक्षा की गारंटी के साथ पूर्व में दिए ज्ञापन में दर्शित विभिन्न मांगों के साथ उन्हे पंजीयन विभाग में समायोजित किए जाने की मांग करते हुए 21 अक्टूबर से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जा रहे है।

### चर्चा बाद आश्वासन मिलने पर लिया था हड़ताल वापस

बीते महीने छग प्रदेश दस्तावेज लेखक संघ के प्रांतीय पदाधिकारियों की पंजीयन व मुद्रांक विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों साथ बैठक मे समस्याओं को लेकर चर्चा हुई इस दौरान ऐप विशेष के माध्यम से पेपर लेस, फेस लेस रजिस्ट्री कराने की तैयारी को लेकर चर्चा बाद अधिकारियों ने आश्वस्त किया था कि लिखाई दर में बढ़ोतरी को लेकर पहले ही विभाग ने शासन को प्रस्ताव भेजा दिया है। बिक्री हस्तांतरण के विलेख में फेस लेस, पेपर लेस प्रणाली लागू नही होगी और पूर्व व्यवस्था अनुसार दस्तावेज लेखक काम करते रहेंगे इसके अलावा उन्हें सर्विस प्रोवाईडर के रूप मे मान्यता दी जाएगी, लेकिन चर्चा के एक महीने बाद भी इस दिशा में सकारात्मक पहल नही होने से प्रांतीय आव्हान पर दस्तावेज लेखक और स्टांप वेंडरो ने हड़ताल पर जाने का निर्णय लिया है। जिलाध्यक्ष सुनील कुमार सिंह, सत्यनारायण सिंह, सूरज देशमुख, ईश्वर वर्मा, गिरधारी लाल वर्मा, भूपेन्द्र गंगबोइर, चंद्रप्रकाश सारथी, मनीष वर्मा, सुनील यादव, श्रीराम यादव, महेन्द्र कुमार वर्मा, महेश वर्मा, अजय श्रीवास्तव, भोजराज उइके सहित अन्य ने जायज मांगों को पूरा करने की मांग करते हुए खरीदी बिक्री सहित अन्य विषयों को लेकर हड़ताल के चलते होने वाली असुविधा के लिए आम जनता से खेद जताया है।






### भगवान विष्णु और मां लक्ष्मी की होगी पूजा

# कार्तिक मास प्रारंभ, त्यौहारों का शुरू होगा क्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

कार्तिक मास 18 अक्टूबर से प्रारंभ हो गया है। इसके साथ ही इस माह त्यौहारों की श्रृंखला बनी रहेगी। इस माह भगवान विष्णु और मां लक्ष्मी की पूजा आराधना को अतिउत्तम माना जाता है। पंचाग एवं पंडितों के अनुसार कार्तिक मास का आरंभ 17 अक्टूबर को शाम 4.56 बजे कार्तिक कृष्ण प्रतिपदा तिथि लगते ही शुरू हो चुका है, लेकिन उदया तिथि के मुताबिक 18 अक्टूबर से कार्तिक मास प्रारंभ माना जाएगा। जिसका समापन कार्तिक पूर्णिमा 15 नवंबर को होगा।



### पूजा-अर्चना, स्नान-दान का महीना

ऐसी मान्यता है कि कार्तिक मास मां लक्ष्मी एवं भगवान विष्णु को समर्पित होता है। इस माह स्नान-दान एवं धार्मिक आयोजन व पूजा-अर्चना को विशेष महत्व दिया जाता है। कार्तिक माह में ही किसानों की फसल घर आती है। इधर कार्तिक माह शुरू होते ही शहर सहित ग्रामीण इलाकों के बाजार में रौनक बढ़ने लगी है। लोग पर्व की खरीदी के लिए बाजार पहुंचने लगे हैं। कपड़े, आभूषण, इलेक्ट्रॉनिक सामान, बर्तन सहित अन्य दुकानों में लोगों की बेहतर उपस्थिति बनने लगी है। वह पूजा सामग्रियों की दुकान, दीये इत्यादी की दुकानों में भी पूजा सामग्रियों की मांग लोगों के बीच बनी हुई है। पूरे माह बाजार में चहल-पहल बने रहने का अनुमान है।

### दीपावली सहित देवउठनी पर्व

कार्तिक माह का प्रारंभ होते ही लोगों में हर्षोल्लास एवं उत्साह का माहौल है। साथ ही धार्मिक वातावरण भी निर्मित है। यह माह त्यौहारों से भरा है। इस माह 20 अक्टूबर को करवा चौथ, 28 अक्टूबर को रमा एकादशी व्रत, 29 अक्टूबर को धनतेरस, 30 अक्टूबर को नरक चौदस, 31 अक्टूबर को दीपावली पर्व मनाया जाएगा। वही नवंबर में 1 नवंबर को स्नान दान श्राद्ध अमावस्या, 2 नवंबर को यम द्वितीया, भाई दूज, 5 नवंबर को चतुर्थी व्रत, 7 नवंबर को छठ महापर्व, 9 नवंबर को गोपाअष्टमी, 10 नवंबर को आंवला नवमी, 12 नवंबर को देवउठनी एकादशी व्रत तुलसी विवाह, 13 नवंबर को प्रदोष व्रत, 14 नवंबर को बैकुंठ चतुर्दशी, 15 नवंबर को आदि पूर्णिमा पर्व है।

## सार समाचार

### मनाया ग्रामीण महिला दिवस

**छुईखदान।** रानी अवंती बाई लोधी कृषि महाविद्यालय ने भूलाटोला में रावे अंतर्गत अंतर्राष्ट्रीय ग्रामीण महिला दिवस का आयोजन किया। मुख्य अतिथि जनपद अध्यक्ष, विशिष्ट अतिथि नपं अध्यक्ष पार्तिका संजय महोबिया, जयंती बिश्वास, रश्मि खरे, रामेश्वरी मंडावी थी। कार्यक्रम में महिलाओं के लिए सांप सीढ़ी के माध्यम से कृषि के उन्नत तकनीक का प्रसार प्रतियोगिता, मशरूम एवं मुनगा उत्पाद प्रसंस्करण प्रदर्शन का आयोजन किया गया।



### निकली मतदाता जागरूकता रैली

**डोंगरगढ़।** मतदाता जागरूकता अभियान के तहत नगर पालिका ने जाबो कार्यक्रम के तहत रैली का आयोजन किया। रैली में स्वच्छता कर्मचारी आदि ने शामिल होकर मतदान के लिए लोगों को जागरूक किया। कार्यक्रम में पूर्व अध्यक्ष तरूण हथेल, नितिन बख्शी, राकेश भावते, गौरव टेम्भुरकर आदि उपस्थित थे।




### खांडेकर ने लिया बैठक में हिस्सा

**डोंगरगढ़।** महाराष्ट्र के गंगापुर विधानसभा के अधीन आने ग्राम वालुद में भाजपा शक्ति केन्द्र की बैठक में पूर्व विधायक विनोद खाण्डेकर शामिल हुए। उन्होंने भाजपा कार्यकर्ताओं से चुनाव से संबंधित जानकारी ली। बैठक में श्याम महाजन, गणेश हजारी, सुरेश मरकट, अविनाश गायकवाड़, रामेश्वर पाटिल, सचिन मुंदेल, किरण सिंह खांडे, लक्ष्मण प्रशांत गंगावान, सुरज बत्तीशे, लक्ष्मण सहित अन्य उपस्थित थे।



### श्रद्धा से मनाया वाल्मीकि जयंती

**डोंगरगढ़।** अछोली स्थित सुदर्शन पहाड़ी में भगवान वाल्मीकि जयंती धूमधाम से मनाया गया। सुदर्शन समाज के लोगों ने वाल्मीकि जी की पूजा अर्चना किया। कार्यक्रम में पालिका के पूर्व अध्यक्ष तरूण हथेल, नरेश करसे, अरविंद हथेल, गब्बर हथेल आदि शामिल हुए। अंत में प्रसाद वितरण किया गया। इसी प्रकार मखियार वाल्मीकि समाज सेवा समिति के सदस्यों ने महर्षि वाल्मीकि एवं महर्षि सुदर्शन की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और जयंती मनाया। इस अवसर पर समाज सेवा समिति की अध्यक्ष सुनीता बघेल, सचिव पूजा बघेल, कोषाध्यक्ष रीना रगड़े, सन्नी बघेल, दिया बघेल, मंजू बघेल एवं पूजा सांडेकर उपस्थित थे।



### संगीत शिक्षक शरद ने की जेआरएफ परीक्षा उत्तीर्ण

**राजनांदगांव।** चक्रधर कत्थक कल्याण केन्द्र (संगीत महाविद्यालय) के संगीत शिक्षक शरद मेश्राम ने जेआरएफ की परीक्षा उत्तीर्ण की। युवा संगीत एवं तबला छात्र शरद मेश्राम ने राष्ट्रीय स्तर की यूजीसी नेट, जेआरएफ 2024 की परीक्षा संगीत में अच्छे नंबरों से उत्तीर्ण कर राजनांदगांव का मान बढ़ाया है। श्री मेश्राम अपनी इस सफलता का श्रेय अपने माता-पिता एवं गुरूजनों को देते हैं। शरद मेश्राम की इस सफलता के लिए सुप्रसिद्ध लोक गायिका कविता वासनिक, विवेक वासनिक, डॉ. कृष्ण कुमार सिन्हा, सर्वेश्वर दास, डॉ. लोकेश शर्मा, मनराखन लाल बोरकर, संजू नागदेवे, नूतन दामले, किशनदास महंत, श्यामलेन्दु हाजरा, तरूण गढ़पायले, शैल साहू का आशीर्वाद एवं मार्गदर्शन सतत रूप से प्राप्त होता रहा है। उपरोक्त जानकारी चक्रधर कत्थक कल्याण केन्द्र के तुषार सिन्हा ने दी।



### आयोग सदस्य गुंडे ने किया धार्मिक स्थलों का दर्शन

**राजनांदगांव।** राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग सदस्य धन्यकुमार जिनप्पा गुंडे एवं उनकी धर्मपत्नी श्रीमती निर्मला गुंडे ने डोंगरगढ़ स्थित मां बम्लेश्वरी और आचार्य भगवान श्री 108 विद्यासागर महामुनिराज की समाधि स्थल का दर्शन किया। उन्होंने डोंगरगढ़ स्थिति अन्य धार्मिक स्थलों का दर्शन किए और अवलोकन किया। उन्होंने देशवासियों के लिए सुख, समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। इस अवसर पर प्रकाश कुमार जैन, एसडीएम डोंगरगढ़ मनोज मरकाम, सहायक आयुक्त आदिवासी विकास दीक्षा गुप्ता, तहसीलदार मुकेश ठाकुर ने भी दर्शन किया।



### निःशुल्क कौशल प्रशिक्षण के लिए कौशल पखवाड़ा

**राजनांदगांव।** कौशल विकास प्रशिक्षण अंतर्गत जिले के बेरोजगार युवाओं को 3-4 माह की अवधि का निःशुल्क कौशल प्रशिक्षण प्रदान किए जाने हेतु कौशल पखवाड़ा कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। कौशल पखवाड़ा 14 से 30 अक्टूबर तक सुबह 11 से 2 बजे तक सभी जनपद पंचायतों में आयोजित हो रहा है। इसके अंतर्गत 22 अक्टूबर को रोजगार कार्यालय राजनांदगांव, 21 व 28 अक्टूबर को जनपद पंचायत डोंगरगढ़, 23 व 25 अक्टूबर को जनपद पंचायत डोंगरगांव एवं 18 व 24 अक्टूबर को जनपद पंचायत छुरिया में कौशल पखवाड़ा कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। निःशुल्क कौशल प्रशिक्षण अंतर्गत सोलर इंस्टॉलेशन, राजमिस्त्री, प्लम्बर, इलेक्ट्रिशियन, कम्प्यूटर, सिलाई जैसे विभिन्न कोर्स में दिया जाएगा।

### तीन छात्रों का एमबीबीएस के लिए चयन

**राजनांदगांव।** एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय पेंड्री राजनांदगांव के तीन छात्रों का एमबीबीएस के लिए चयन हुआ है। जिसमें सत्र 2020-21 में कक्षा 12वीं के छात्र रविन्द्र कुमार तोप्पा का शासकीय मेडिकल कॉलेज कांकेर, छात्र टेमन लाल का शासकीय मेडिकल कॉलेज रायगढ़ एवं छात्र कुलेश्वर ठाकुर का शासकीय मेडिकल कॉलेज महासमुंद में सत्र 2024-25 में एमबीबीएस के लिए चयन हुआ है। संस्था प्राचार्य अमीय श्रीवास्तव एवं विद्यालय परिवार ने चयनित विद्यार्थियों को इस सफलता के लिए शुभकामनाएं दी है।

---

### डोंगरगढ़ जनपद के आधा दर्जन गांव के हितग्राहियों से ली जानकारी

# जिपं सीईओ ने निर्माणाधीन आवासों का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

## हितग्राही को किया जाएगा सम्मानित

जिला पंचायत सीईओ सुरूचि सिंह ने जनपद पंचायत डोंगरगढ़ के ग्राम पेंड्री, अन्यानवागांव, खैरा, खुड़मुड़ी में प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण अंतर्गत स्वीकृत निर्माणाधीन आवासों का निरीक्षण किया। सीईओ ने योजनांतर्गत स्वीकृत निर्माणाधीन आवासों के हितग्राहियों से संपर्क कर आवास निर्माण के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने हितग्राहियों को आवास निर्माण कार्य जल्द से जल्द पूरा कर संपूर्ण किस्त की राशि अतिशीघ्र प्राप्त करने कहा। उन्होंने कहा कि ग्राम में जिन हितग्राही द्वारा आवास निर्माण कार्य सबसे पहले पूर्ण किया जाएगा, उनको सम्मानित किया जाएगा। जिन पर हितग्राहियों ने आवास निर्माण कार्य शीघ्र पूर्ण कराने की बात कही।

इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत डोंगरगढ़ दिव्या ठाकुर, आवास प्रभारी जिला समन्वयक, आवास समन्वयक, वरिष्ठ करारोपण अधिकारी, विकासखंड समन्वयक, क्षेत्र के आवास नोडल अधिकारी, तकनीकी सहायक, सरपंच, सचिव एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।



### देखरेख एवं निगरानी करने के निर्देश

जिला पंचायत सीईओ सुरूचि सिंह द्वारा योजना से संबंधित अधिकारियों को हितग्राहियों से समन्वय कर लगातार आवास निर्माण की देखरेख एवं निगरानी करने तथा हितग्राहियों को तकनीकी मार्गदर्शन देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आवास निर्माण कार्य में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले जनपद पंचायत स्तर के नोडल अधिकारी एवं ग्राम पंचायत स्तर में आवास पूर्णता में विशेष योगदान देने वाले सरपंच, सचिव रोजगार सहायक, महिला स्वसहायता समूह को सम्मानित किया जाएगा।

---

# 26 शालाओं के जीर्णोद्वार के लिए 81.41 लाख की मिली स्वीकृति

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



विधानसभा अध्यक्ष और राजनांदगांव विधायक डॉ. रमन सिंह की अनुशंसा पर राजनांदगांव के अंजोरा, धर्मापुर, नंदई वार्ड नंबर 49, परमालकसा, पारीखुर्द और पेंड्री के पूर्व माध्यमिक शाला में जीर्णोद्धार कार्य समेत पारीखुर्द के प्राथमिक शाला में जीर्णोद्धार कार्य के लिए 19 लाख 89 हजार रुपए स्वीकृत किए गए हैं।

इसके साथ ही पूर्व माध्यमिक शाला रीवागहन, प्राथमिक शाला अंजोरा, प्राथमिक शाला आशा नगर, प्राथमिक शाला बागतराई, प्राथमिक शाला बापू स्टेशनपारा, प्राथमिक शाला बरगा में जीर्णोद्धार कार्य के लिए 19 लाख 34 हजार रुपए की स्वीकृति, प्राथमिक शाला बेलटिकरी, प्राथमिक शाला भरेंगांव, प्राथमिक शाला धनगांव, प्राथमिक शाला फरहद, प्राथमिक शाला गौरीनगर, प्राथमिक शाला जंगलेसर और प्राथमिक शाला खैरा में जीर्णोद्धार कार्य के लिए 18 लाख 94 हजार रुपए की स्वीकृति के साथ ही प्राथमिक शाला खुटेरी, प्राथमिक शाला कुम्हालोरी, प्राथमिक शाला मोखला, प्राथमिक शाला पारीकला में जीर्णोद्धार कार्य के लिए 11 लाख 91 हजार रुपए की स्वीकृति और प्राथमिक शाला शंकरपुर और प्राथमिक शाला सोमानी में जीर्णोद्धार कार्य के लिए 11 लाख 33 हजार रुपए को शासन द्वारा स्वीकृति प्रदान की गई है।

इस प्रकार 26 स्कूलों में जीर्णोद्धार कार्यों के लिए कुल 81 लाख 41 हजार रुपए की राशि प्राप्त होने से राजनांदगांव के विद्यार्थियों, अभिभावकों और शिक्षकों ने प्रसन्नता जताते विधायक डॉ. रमन सिंह का आभार प्रकट किया है।

### शेष प्रकरणों के निराकरण के लिए आज से शिविर

**राजनांदगांव।** महालेखाकार रायपुर द्वारा शासकीय सेवकों के सामान्य भविष्य निधि ऋणात्मक शेष प्रकरणों के निराकरण के लिए 21 से 23 अक्टूबर को सुबह 10 से शाम 5.30 बजे तक कार्यालय जिला कोषालय राजनांदगांव में शिविर का आयोजन किया जा रहा है। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने जीपीएफ ऋणात्मक शेष प्रकरणों के निराकरण हेतु आहरण-संवितरण अधिकारी अथवा लेखापाल व लिपिक को आवश्यक अभिलेखों के साथ शिविर में अनिवार्य रूप से उपस्थित होने के निर्देश दिए हैं।

---

# जिले में भाजपा सदस्यता अभियान में लगातार तेजी



■ मुसरा में डोंगरगांव मंडल की बैठक आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

भाजपा का राष्ट्रव्यापी सदस्यता अभियान इन दिनों जिलेभर में जोरों पर है। जिला भाजपा अध्यक्ष रमेश पटेल अपनी टीम के साथ प्रतिदिन जिले के किसी न किसी मंडल का दौरा कर सदस्यता अभियान को गति प्रदान कर रहे हैं।

इसी तारतम्य में आज वे डोंगरगांव मंडल के मुसरा केन्द्र में पहुंचकर कार्यकर्ताओं की बैठक ली व घर-घर जाकर लोगों को पार्टी की सदस्यता से जोड़ा।

भाजपा मीडिया सेल के अनुसार इस दौरान श्री पटेल ने कहा कि पार्टी कार्यकर्ताओं के उत्साह व आम लोगों का भाजपा के प्रति बढ़ रहे रूझान को देखते पार्टी ने निर्धारित 15 अक्टूबर के बाद भी 30 अक्टूबर तक सदस्यता अभियान जारी रखने का निर्णय लिया है। जिसका लाभ उठाने पार्टी के कार्यकर्ताओं को मंडल से लेकर मतदान केन्द्र तक सक्रिय होकर इस अभियान को सफल बनाना चाहिए। उल्लेखनीय है कि पार्टी के डोंगरगांव व लालबहादुर नगर के मंडलों का विभाजन कर मुसरा एक तीसरा नया मंडल बनाया जा रहा है। जिससे इस क्षेत्र के कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह है।

#### लक्ष्य के करीब

भाजपा जिले में सदस्यता के लिए निर्धारित लक्ष्य के करीब पहुंच चुकी है, जहां क्षेत्रीय सांसद संतोष पांडे इस अभियान को गति प्रदान कर रहे हैं। वहीं स्थानीय विधायक डॉ. रमन सिंह भी पार्टी कार्यकर्ताओं को इस के लिए प्रेरित कर रहे हैं। डोंगरगांव की हुई इस मंडल बैठक में जिला भाजपा उपाध्यक्ष आभा तिवारी व मूलचंद लोधी, रघुवीर वाधवा, बोधीराम साहू सहित शक्ति केन्द्र संयोजक, बूथ पालक, प्रभारी एवं बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

---

### मेयर के तौर-तरीकों के साथ काम कर रहा निगम

**राजनांदगांव।** नगर पालिक निगम द्वारा व्यवसायिक ईमारतों से कर वसूली के नव निर्धारण और 5 गुना राशि की वसूली का अभियान छेड़ा गया है। इस मामले में कांग्रेस पार्षद कुलबीर सिंह छाबड़ा द्वारा भाजपा सरकार और विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह पर लगाए गए आरोपों को निगम के नेता प्रतिपक्ष किशुन यदु ने स्तरहीन राजनीति और सुर्खियां बटोरने का स्टंट बताया है।

उन्होंने कहा कि महापौर हेमा देशमुख के विजन के साथ काम कर रहा है, जो कि कांग्रेसी नेत्री है। स्पष्ट है कि कर वसूली के मामले में किसी तरह की गड़बड़ी के लिए सीधे तौर पर महापौर और आयुक्त जिम्मेदार हैं। इन दोनों की एक राय से ही शहर में कर वसूली का यह नया सिस्टम शुरू किया गया है। एक ओर पार्षद छाबड़ा जनहित की बात कह रहे हैं, लेकिन जो अहित किया जा रहा है, उसके लिए जिम्मेदार कांग्रेस, कांग्रेस के नेता को बचाने की कोशिश भी कर रहे हैं। वे इस मामले में क्यों महापौर को बचाने और उनका नाम तक लेने से बच रहे हैं। अगर वे जनता की आवाज ही उठाना चाहते हैं तो जरूरी है कि वे पहले निगम की सत्ता की मनमानियों की खिलाफत करें। न कि श्रेय लेने की राजनीति करते खुद का महिमा मंडन करें।

किशुन ने कहा कि नगर पालिक निगम द्वारा व्यवसायिक संस्थानों/मालिकों से जो अंतर की राशि का निर्धारण किया गया है, उसे समान्य सभा में लाकर भौतिक आंकलन के बाद ही लागू किया जाए, फिलहाल जो कार्रवाई गूगल एप अर्थ के सहारे की गई है।

---

# अमृतपान बाद भी व्यवहार में बदलाव नहीं तो अमृतपान निरर्थक : शास्त्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

बाजार अतरिया रोड में पितरों की मोक्ष कामना साथ दीक्षित परिवार द्वारा आयोजित श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ हुआ। कथा के प्रथम दिवस व्यास मंच पर विराजित पंडित रामप्रताप शास्त्री महाराज ने बताया कि श्रीमद भागवत कथा मनुष्य के जीवन में सुखों का संचय करने वाली होती है।

पूरे मनोयोग के साथ कथा श्रवण मात्र से जीवन में चमत्कारिक परिवर्तन हो सकता हैं। श्रीमद भागवत में तमाम ऐसी कथाएं हैं जो हमें प्रेरणा देती है और कलयुग में जीवन को कलात्मक ढंग से जीने का मार्ग प्रशस्त करती है। मानव जन्म पाकर मनुष्य अमृत पीले और उसके व्यवहार में कोई बदलाव नहीं हो तो उसे अमृत पीने का कोई लाभ नहीं। उन्होंने कहा कि राहु भी अमृत पकीर अमर हो गया, लेकिन व्यवहार में परिवर्तन नहीं होने के कारण उसे कोई लाभ नहीं मिला जबकि धुंधकारी जैसे पापी को कथा श्रवण करने मात्र से मोक्ष मिल गया। भागवत कथा अमृत सामान है तभी मोक्ष प्राप्ति के लिए राजा परीक्षित ने अपने जीवन के अंतिम सात दिन कथा श्रवण कर बिताया और पुण्य भागी बने और मोक्ष मिला।

पंडित रामप्रताप शास्त्री ने कहा कि अमृत पीने मात्र से कुछ नहीं होगा बल्कि अमृतपान से अमरत्व बाद भी हमारे जीवन की सार्थकता जीवमात्र के लिए क्या है, यह महत्वपूर्ण है। प्रथम दिवस की कथा मे पंडित रामप्रताप शास्त्री ने कहा कि कलयुग में भगवत प्राप्ति के लिए अत्यंत सरल मार्ग निर्धारित किया गया हैं। भगवान के नाम मात्र का जाप करने से कलयुग में मुक्ति पाने का विधान है।



#### कथा श्रवण और संत दर्शन से ही दूर भाग जाती है चिंता

कथा के पहले दिन भगवत महात्म्य, परीक्षित श्राप और शुकदेव जन्म का वर्णन करते हुए पंडित रामप्रताप शास्त्री ने कहा कि भक्ति से ज्ञान, वैराग्य पैदा होता है, संसार में पुण्य कार्य करना चाहिए, पुरुषार्थ प्राप्त करने भगवान की आराधना करना चाहिए इससे भक्ति में वृद्धि होती है। भागवत अज्ञान से ज्ञान और सत्य की ओर ले जाने वाली है। संसार के प्राणी अनेक चीजों से पीड़ित है उसका एक ही समाधान कथा का श्रवण करना है। हरि नाम सिमरन करने से चिंताए दूर होती है, समस्याओं का समाधान हो जाता है। भगवान की शरण में आने से मनुष्य का जीवन सार्थक हो जाता है, सात जन्मों के पाप नष्ट हो जाते है। उन्होने कहा कि भक्ति रूपी तत्व के जीवन में आने पर व्यक्ति का आत्मबल बढने लगता है प्रभु की कृपा होती है इसलिए भक्ति करनी चाहिए। संतों की महिमा बताते हुए कहा कि सच्चे संत के दर्शन मात्र से ही मनुष्य के जन्म जन्मातरों के पाप नष्ट हो जाते हैं। मनुष्य को निंदा चुगली से बचना चाहिए ताकि बुरे व्यसनों में फंसकर जीवन व्यर्थ न जाए। श्रीमदभागवत कथा के शुभारंभ पूर्व भव्य कलश यात्रा में यजमान मोनिष सिंह दीक्षित सहित परिवार के सभी सदस्य, गद्दी सेवक और सामाजिक बंधुओं सहित बड़ी संख्या में कन्याए और महिलाएं कलश धारण किए शामिल थी। पारंपरिक गाजे बाजे के साथ यात्रा शनि मंदिर से निकली। कथा स्थल पहुँचने पर आचार्य श्रीकांत पाठक के सान्निध्य में वैदिक मंत्रोच्चार साथ गणेश वंदना व भागवत पुराण पूजन बाद संतों का पूजन कर स्वागत किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु कथा श्रवण के लिए उपस्थित थे।

---

# प्राचार्य ने किया लाखों रुपए की आर्थिक अनियमितता

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

गुजराती शिक्षण संघ द्वारा संचालित गौरवपथ स्थित गुजराती उच्चतर माध्यमिक शाला के प्राचार्य डीआर नावेलकर को संस्था ने मानहानि का केस दर्ज किया है। संस्था के पदाधिकारियों ने कहा कि श्री नावेलकर ने नैतिकता का त्याग कर जो कूटरचना और दुष्प्रचार किया है, उसका माकूल जवाब संस्था के पास मौजूद है। उन्होंने कहा कि प्राचार्य डीआर नावेलकर शिक्षकों की आड़ लेकर संस्था और शाला का अस्तित्व खत्म करने का षडयंत्र कर रहे हैं।

संस्था के पदाधिकारियों ने बताया कि हम सार्वजनिक मंच पर यह बात लाना चाहते हैं कि डीआर नावेलकर ने स्कूल संचालन में गंभीर अनियमिततताएं की है। जिसका जवाब देने से वह बच रहे हैं। अपने कार्यकाल में उन्होंने संस्था की अनुमति के बिना लाखों रुपए की फीस माफ कर संस्था को आर्थिक क्षति पहुंचाई है। जबकि इस शुल्क माफी का कोई लेखा जोखा उनके पास मौजूद नहीं है और न ही दूसरे दस्तावेज सामने रख रहे हैं।

उन्होंने कहा कि हम बच्चों को शांतिपूर्ण और नैसर्गिक वातावरण में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दिए जाने के पक्षधर हैं, ताकि वे बेहतर प्रदर्शन करें और परिजनों को भी संतोष हो तथा समाज में आगे चलकर वे बच्चे अपनी जिम्मेदारी की भूमिका का निर्वहन कर सके, लेकिन प्राचार्य श्री नावेलकर अपने स्वार्थ के लिए बच्चों के मन में खतरनाक बीज बो रहे हैं। शिक्षकों की मर्यादा भी दूषित कर एक गलत उदाहरण पेश कर रहे हैं।

#### शिक्षा विभाग ने प्राचार्य को दोषी माना

संस्था के पदाधिकारियों ने कहा कि संस्था के बिना परमिशन के जुलाई 2023 में शिक्षा विभाग की जांच में बच्चों की टीसी थमा देने, उन्हें फेल कर देने की धमकी श्री नावेलकर बच्चों और परिजनों को देते रहे। उन्होंने शुल्क जमा न कर पाने वाले बच्चों को विषयवार अनुत्तीर्ण कर दिया और पूरक परीक्षा परिणाम घोषित किए। इसकी जांच जिला शिक्षा विभाग ने की और प्राचार्य डीआर नावेलकर को दोषी ठहराया। शासनादेश, निःशुल्क और अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 का स्पष्ट उल्लंघन पाया गया और श्री नावेलकर को दोषी बताते हुए उनके खिलाफ विधि सम्मत कठोर कार्रवाई कर दंड अधिरोपित करने की अनुशंसा की गई थी। वे कई महत्वपूर्ण विषयों में इस तरह की कार्यशैली से संस्थान का नाम खराब कर रहे हैं।

#### बदनाम करने की मंशा

गुजराती शिक्षण संघ के पदाधिकारियों ने बताया कि जो निर्णय संस्था की सहमति से लिए जाने थे, उस पर भी श्री नावेलकर ने मनमानी की और गंभीर अनियमितताएं बरती। उन्होंने अपने कार्यकाल में बगैर संस्था की सहमति और जानकारी के स्कूल में शिक्षकों की खुद ही भर्ती कर ली। साक्षात्कार और दूसरी प्रक्रियाओं में भी संस्था व जिला शिक्षा अधिकारी को भी शामिल नहीं किया गया। वे अब मिथ्या आरोप लगाकर सिर्फ और सिर्फ संस्था को बदनाम करने की मंशा पाले बैठे हैं।

#### लगाए झूठे आरोप

संस्था के पदाधिकारियों ने कहा कि संस्था पर लगाए गए किसी भी आरोप में सत्यता नहीं हैं। प्राचार्य श्री नावेलकर लगातार संस्थान की छवि खराब करने, शिक्षकों की आड़ लेकर विवाद खड़ा करने और बच्चों को दुष्प्रेरित करने का कार्य कर रहे हैं।

#### यूनियन बनाकर कब्जा करने की साजिश

प्राचार्य डीआर नावेलकर ने शिक्षकों का गुजराती विद्यालय शिक्षक कर्मचारी कल्याण संघ के नाम से यूनियन बनाकर संस्था में कब्जा करने की मंशा पाले हुए हैं। जबकि आज तक किसी भी प्राईवेट स्कूल में यूनियन नहीं बना है। संस्था के पदाधिकारियों ने बताया कि पिछले दिनों संस्थान में कार्यरत शिक्षकों के साथ डीआर नावेलकर ने पीएफ की राशि न दिए जाने और इसमें घोटाले का आरोप लगाया है। जबकि संपूर्ण तथ्यों के साथ ये प्रमाणित है कि संस्थान ने 27 मई 2022 को पीएफ कार्यालय में राशि 21,78,423 रु. की बैंक ड्राफ्ट जमा कर दी गई है। यह राशि शिक्षकों को प्राप्त भी हो रही है। कर्मचारी भविष्य निधि संगठन ने लिखित रूप से इसे प्रमाणित भी किया है। संस्थान के ऑडिट में भी इसका उल्लेख है। बैलेंस शीट की तकनीकी भाषा जानने वाले किसी भी सीए से इसकी जांच करवाई जा सकती है। श्री नावेलकर और कुछ शिक्षकों ने इस विषय पर मिथ्या आरोप लगाए हैं। शिक्षक श्रीमती अपर्णा श्रीवास्तव के पीएफ खाते में भी राशि जमा हुई है। आरोप लगाने वाले कोई भी शिक्षक अपने पीएफ खाते का स्टेटमेंट क्यूं सामने नहीं रखते। उन्होंने कहा कि पूर्व अध्यक्ष नाथाभाई रायचा पर गबन का आरोप भी पूर्णतः असत्य है। उन्होंने स्वयं संस्थान के खाते में पूर्व में ही एक लाख 29 हजार रुपए की राशि जमा कर दी थी, जिसे लेकर अब श्री नावेलकर नए प्रोपेगेंडा खड़ा करने की कोशिश कर रहे हैं।

---

### जिले के 662 ग्राम पेयजल सुविधायुक्त

**राजनांदगांव।** कलेक्टर संजय अग्रवाल के मार्गदर्शन में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा जिले के नागरिकों को विभिन्न योजनाओं के माध्यम से शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराया जा रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल की उपलब्धता के लिए शासन द्वारा विशेष तौर पर कार्य किया जा रहा है। जिले में 662 ग्राम जल प्रदाय सुविधा युक्त है। जिनमें से 380 ग्राम हैंडपंप सुविधायुक्त, 282 ग्राम नलटेप वाटर सुविधा युक्त है। राजनांदगांव तहसील में 162, डोंगरगढ़ तहसील में 176, छुरिया तहसील में 216, डोंगरगांव तहसील में 108 ग्राम पेयजल सुविधा से युक्त है।



नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश आत्मनिर्भर होकर एक भारत श्रेष्ठ भारत की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा

# स्वदेशी उत्पाद को अपनाकर हम देश को मजबूत बना सकते है : अरूण साव

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

शनिवार को प्रदेश के उप मुख्यमंत्री अरुण साव कवर्धा के पीजी कॉलेज मैदान में आयोजित स्वदेशी मेले के तीसरे दिन मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उप मुख्यमंत्री श्री साव ने भारत माता के तैल चित्र पर पुष्प अर्पित की और दीप प्रज्वलित कर सांस्कृतिक कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया। उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने मेले में लगाए गए विभिन्न स्टॉल का अवलोकन करते हुए स्वदेशी उत्पादों की सराहना की और स्थानीय कारीगरों और उद्यमियों के प्रयासों की प्रशंसा की। स्वदेशी मेला में स्कूली छात्राओं ने छत्तीसगढ़ी परंपरा और संस्कृति की शानदार प्रस्तुति दी।

जिसमें राज्य की समृद्ध लोकसंस्कृति और रीति-रिवाजों को जीवंत कर दिया। उनकी प्रस्तुतियों में पारंपरिक छत्तीसगढ़ी लोकगीत, सुआ नृत्य, और विभिन्न नृत्य शामिल थे, जो छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक धरोहर का प्रतीक हैं। छात्राओं ने छत्तीसगढ़ के पारंपरिक परिधान पहनकर अपने नृत्य और गीतों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस दौरान डॉ अतुल जैन, बेमेतरा विधायक दीपेश साहू, पूर्व संसदीय सचिव डॉ. सियाराम साहू, मोतीराम चंद्रवंशी, श्रीमती कमल सोनी, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष विदेशी राम धुर्वे, मनीराम साहू सहित जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

## मेला भारतीय संस्कृतिक परम्परा कौशल का प्रतिक है




उपमुख्यमंत्री श्री साव ने कहा कि स्वदेशी मेले का उद्देश्य न केवल भारतीय उत्पादों को बढ़ावा देना है, बल्कि देश के स्वाभिमान और आत्मनिर्भरता को भी सशक्त करना है। स्थानीय कारीगरों और उद्यमियों के प्रयासों की प्रशंसा करते हुए उन्होंने कहा कि यह मेला भारतीय संस्कृति, परंपरा और कौशल का प्रतीक है, जो हमारे गौरवशाली इतिहास और विरासत को पुनर्जीवित करता है। उन्होंने कहा कि स्वदेशी उत्पादों को अपनाकर हम देश को आर्थिक रूप से मजबूत बना सकते हैं और आत्मनिर्भर भारत के सपने को साकार कर सकते हैं। इसमें उमड़ा जन सैलाब इस बात का प्रमाण है कि मेला सफल रहा है। उन्होंने बताया कि वे लंबे समय से स्वदेशी मेले से जुड़े हुए हैं। स्वदेशी मेले की आवश्यकता पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि मेले में 150 स्टॉल हैं, जहां देश के विभिन्न राज्यों और स्थानीय व्यापारियों ने अपने उत्पाद प्रदर्शित किए हैं। उन्होंने कहा कि प्राचीन काल से भारत दुनिया को ज्ञान, विज्ञान और शिक्षा प्रदान करता रहा है। नालंदा और तक्षशिला जैसे विश्वविद्यालय पूरी दुनिया में विख्यात थे। भारत ने वेद, पुराण जैसे महत्वपूर्ण ग्रंथ दिए, और इसी कारण इसे सोने की चिड़िया और विश्व गुरु कहा जाता था।

# राजा की दखल से दुकानदारों को मिला न्याय

हरिभूमि न्यूज ⏭ स./लोहारा



अपनी अलग राजनीति और अलग सोच की वजह से कमजोर वर्ग की आवाज कहलाने वाले सहसपुर लोहारा के राजा खड्गराज सिंह ने एक बार फिर ये बता दिया की वो लोगों के दिलो में आखिर क्यों बसते है। उन्होंने कुछ दिनों पहले विस्थापित किये गये दुकानदारों को न्याय दिलाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। कुछ दिनों पहले नगर पंचायत के द्वारा बस स्टैंड के पास स्थित मछली, मुर्गा एवं चखना दुकानदारों को बगैर व्यवस्थापन के हटा दिया गया और किसी भी प्रकार से उन्हें दुकान संचालन के लिए जगह नहीं दी गई। जिससे 30-35 दुकानदारों के ऊपर बहुत बड़ा संकट आ गया तब ये दुकानदार नगर से एक किलोमीटर दूर निजी जमीन पर दुकान खोलना शुरू किए, दुकान दूर होने ग्राहक नहीं मिलने से ये लोग परेशान हो गये। दुकानदारों ने राजमहल का दरवाजा खटखटाया जहां हमेशा लोगों को न्याय मिलता रहा। दुकानदारों ने राजा खड्गराज सिंह को अपनी समस्या बताई।

दुकानदारों के बुलावे पर राजा खड्गराज सिंह स्वयं नगर पंचायत पहुंचकर सीएमओ से दुकानदारों को हटाने का कारण पूछते हुए स्पष्ट कहा की पूर्व में उनके नगर पंचायत अध्यक्ष के कार्यकाल के अवसर पर इन दुकानदारों को पालिका परिषद के प्रस्ताव पश्चात दुकान आबंटित की गई थी, बगैर नगर पंचायत में प्रस्ताव एवं दुकानदारों को दूसरी जगह दुकान आबंटित किये बगैर कैसे हटा दिया गया। तब राजा खड्गराज सिंह ने कहा की दुकान पुरानी जगह में ही खुलेगी जब तक आप इनको इनके व्यवसाय के हिसाब से व्यवस्थापन नहीं कर देते।

राजा के नगर पंचायत पहुंचने पर कर्मचारियों और अधिकारी राजा के प्रश्नों का कोई भी ठोस जवाब नहीं दें पाये। राजा खड्गराज सिंह स्वयं दुकानदारों के साथ पुराने स्थल पर गये और उक्त स्थल का गेट खुलवाकर दुकानदारों को उनके दुकानों तक पहुंचाया। राजा खड्गराज सिंह के महल से निकलने कमजोर लोगों के साथ खड़ा होने से साबित होता है राजमहल आस्था और विश्वास का केंद्र है। राजा खड्गराज सिंह ने दुकानदारों से भी अपील की साफ सफाई व शांति व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए नगर पंचायत के नियमों का पालन करते हुए सुचारु रूप से अपना व्यवसाय संचालित करें।

# सुर में सुर मिलाते हुए शहनाज अख्तर के साथ भक्ति गीतों में झूमे श्रोता

**डोंगरगांव।** सामाजिक सौहाद्र का प्रतीक बनी प्रसिद्ध भजन गायिका शहनाज अख्तर ने शरद पूर्णिमा के मौके पर आयोजित कार्यक्रम में करीब साढ़े तीन घंटे तक अंचल के लोगों को भक्ति रस में डुबोया। निशांत उत्सव समिति के आयोजन में रिकार्ड लोगों ने उपस्थिति दर्ज कराया।

कालेज मैदान में शरद पूर्णिमा के मौके पर निशांत उत्सव समिति ने रंगारंग कार्यक्रम आयोजित किया जिसमे सुप्रसिद्ध भजन गायिका शहनाज अख्तर ने शिरकत किया। पहली बार नगर में प्रस्तुति देने पहुंची शहनाज ने रात 10 से 1.30 बजे तक अपनी प्रस्तुति से अंचल के लोगों को भक्ति रस मे डुबोते हुए जमकर थिरकने मजबूर किया। कार्यक्रम की शुरुवात बालोद के जूनियर योगी राजेश शर्मा ने जय श्रीराम के उद्घोष के साथ किया। पब्लिक डिमांड पर शहनाज ने 30 से 40 भजनों की प्रस्तुति दी। तकदीर मुझे ले चल, भगवा रंग, नौ दिन बनी दुल्हनिया, महाकाल है तो किस बात की चिंता सहित अन्य भजनों में दर्शकों ने सुर में सुर मिलते हुए जमकर झूमे।



### स्वल्पाहर का वितरण

कार्यक्रम के दौरान आयोजन समिति ने चाय, पोहा का वितरण किया। वही कार्यक्रम के बाद शरद पूर्णिमा के मौके पर दुर्गा मंदिर परिसर में डॉ महेश गंजीर ने दवा युक्त खीर का वितरण किया। इस मौके पर पूर्व सांसद प्रदीप गांधी, संतोष वैष्णव, दिनेश गाँधी, रामकुमार गुप्ता, गुलशन हिरवानी, स्वरूपचंद जैन, बालकृष्ण सिन्हा, संतोष यादव, हेमंत चोपडा, मनीष बोहरा, अमित गांधी, सौरभ जैन, अमिताभ श्री श्रीमाल, सत्यनारायण गांधी, एसपी श्री गर्ग, एसडीएम श्रीकांत कोर्राम, तहसीलदार पीएल नाग, थाना प्रभारी सहित अन्य बड़ी संख्या में मौजूद थे।

## सुहागिन महिलाओं ने पति की दीर्घायु के लिए रखी व्रत



**हरिभूमि कोलेगांव।** ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र में महिलाओं ने अपने पति की दीर्घायु के लिए करवा चौथ के पावन अवसर पर सुहागिन महिलाओं ने अपने पति की लंबी आयु के लिए कठिन निर्जला व्रत रखा। और सुबह से ही आंगन में रंगोली सजाकर हाथो में मेहंदी लगाकर अपने पति की लंबी उम्र की कामना की करवा चौथ कार्तिक माह के कृष्ण पक्ष की चंद्रोदय व्यापनि चतुर्थी के दिन करवा चौथ का व्रत किया जाता है। करवा चौथ शब्द दो शब्द से मिलकर बना है करवा यानी मिट्टी का बर्तन और चौथ यानी चतुर्थी इस त्यौहार पर मिट्टी के बर्तन यानी करवे का विशेष महत्व माना गया है। करवा चौथ की धोबिन वाली कहानी, करवा नाम की एक पतिव्रता धोबिन अपने पति के साथ तुंगभद्रा नदी के किनारे रहती थी। एक दिन जब पति कपड़े धो रहे थे, तब एक मगरमच्छ ने उन्हें अपने दांतों में दबाकर यमलोक ले जाने लगा। पति की पुकार सुनकर करवा वहां पहुंचीं और मगर को कच्चे धागे से बांधकर यमराज के पास ले गईं। करवा ने यमराज से अपने पति की रक्षा करने की गुजारिश की और कहा कि अगर उन्होंने अपने पति को बचाने में मदद नहीं की, तो वह उन्हें श्राप देंगे। करवा के साहस से डरकर यमराज ने मगर को यमलोक भेज दिया और पति को दीर्घायु होने का वरदान दिया। मान्यता है कि तब से कार्तिक कृष्ण की चतुर्थी को करवा चौथ का व्रत रखा जाने लगा। करवा चौथ के व्रत में सुहागिन महिलाएं करवा माता से प्रार्थना करती हैं कि जैसे उन्होंने अपने पति को मृत्यु के मुंह से वापस निकाला था, वैसे ही उनके सुहाग की भी रक्षा करें।

## कारखाना के कर्मचारी श्रमिक संघ ने प्रबंध संचालक को सौंपा ज्ञापन

### जल्द ही वेतन व बोनस देने किया आदेश जारी



हरिभूमि न्यूज ⏭ बरबसपुर

भोरमदेव शक्कर कारखाना के कर्मचारी श्रमिकों संघ ने दीपावली के पूर्व वेतन और बोनस के लिए ज्ञापन सौंपा ताकि दीपावली का त्यौहार धूमधाम से और घरों में दीप जलाकर सुख शांति से सहपरिवार सहित मना सके जानकारी के अनुसार प्रबंध संचालक भोरमदेव सहकारी कारखाना को दीपावली के पूर्व वेतन एवं बोनस देने के लिए समस्त तकनीकी गैर तकनीकी कर्मचारी कल्याण संघ के द्वारा ज्ञापन सौंपा गया जिसमें प्रबंध संचालक द्वारा जल्द ही वेतन एवं बोनस देने की बात लिखित आश्वासन एवं आदेश किया गया।

जिसमें समस्त कर्मचारी श्रमिकों की प्रतिनिधि भागचंद वर्मा, अध्यक्ष भावेश ठाकुर, सचिव देव प्रसाद जांगड़े, कोषाध्यक्ष सह सचिव महेश पांडे, उप कोषाध्यक्ष रेखू कोसले सम्मिलित उपस्थित थे।

## जमीन पर कब्जा आंदोलन करेगा कुंभकार समाज

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

कुंभकार समाज के लिए छत्तीसगढ़ माटी कला बोर्ड के माध्यम से प्रस्तावित ग्लेजी यूनिट निर्माण के लिए आबंटित जमीन पर कब्जा करने के मामले में अपेक्षित कार्रवाई नहीं होने से लोगों की नाराजगी बढ़ रही है। इस मामले को लेकर कुंभकार समाज दीवाली बाद आंदोलन करने के मूड में है। उल्लेखनीय है कि विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह ने अपने मुख्यमंत्रीत्व काल में कुंभकार समाज के लोगों को नई तकनीक का उपयोग कर मिट्टी के समान बनाने का प्रशिक्षण देने और बेहतर सुविधा उपलब्ध कराने के लिए ग्लेजी यूनिट निर्माग्की स्वीकृति दिया था। ग्लेजी यूनिट के लिए बीटीआई के पास दो एकड़ जमीन दिया गया था।




## मवेशियों से टकराकर गिरने से युवक की मौत

**गंडई पंडरिया।** सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई। लोकेश्वर ठाकुर नामक युवक अपनी होंडा मोटरसाइकिल से सामान लेने परपोड़ी गया था। वापसी के दौरान दनिया सोसाइटी के पास जानवरों से टकराकर दुर्घटनाग्रस्त हो गए। इस हादसे में लोकेश्वर ठाकुर गंभीर रूप से घायल हो गया था जिसे 108 वाहन से सरकारी अस्पताल ले जाया गया, जहां जांच के बाद डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने धारा 106 (1) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया है।









## खबर संक्षेप

### कांग्रेस के घेराव को लेकर तगड़ी सुरक्षा व्यवस्था

**कवर्धा।** लोहारीडीह काण्ड को लेकर कांग्रेस के 21 अक्टूबर को लेकर किए जा रहे धरना प्रदर्शन एवं विधायक कार्यालय घेराव को लेकर पुलिस प्रशासन ने शहर में चुस्त दुरुस्त व्यवस्था की है। प्रभारी पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह ने बताया की शहर में चाक चौबंद बेरिकेट लगाए गए है। प्रदर्शनकारियों को लगभग छः जगह रोका जाएगा। छत्तीसगढ़ पुलिस विभाग से दो एडिश्नल एसपी सहित लगभग 12 से 13 राजपत्रित अधिकारी बाहर दे बुलाए गए है जो व्यवस्था संभालेंगे। सपोर्ट के लिए कवर्धा पुलिस बल बटालियन से लगभग 2 से ढाई सौ जवान रहेंगे। वही बाहर से भी लगभग ढाई सौ पुलिस बल बुलाया गया है।

# 54 किलो ग्राम गांजा के साथ दो अंतर्राज्यीय गांजा तस्कर किए गए गिरफ्तार

- बोड़ला पुलिस ने की कार्यवाही, हाइड्रोलिक ट्रॉली के नीचे गांजा छिपाकर ला रहे थे

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

गांजा तस्करों के विरूद्ध एक बार फिर बड़ी कार्यवाही करते हुए बोड़ला पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर दो अंतर्राज्यीय गांजा तस्करों को गिरफ्तार करने में सफलता हांसिल की है। पुलिस ने गिरफ्त में आए तस्करों से कुल 54 किलो ग्राम गांजा जप्त किया है जिसका बाजार भाव करीब 5,40,000 रूपए आंका गया है। आरोपियों के विरूद्ध अपराध क्रमांक 218/2024 धारा 20(B) एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्यवाही की गई है। प्रभारी एसपी धर्मेन्द्र सिंह से प्राप्त जानकारी के अनुसार रविवार को बोड़ला पुलिस को मुखबिर के जरिए इस बात की सूचना मिली थी कि कुछ लोग टाटा इन्ट्रा वाहन की हाइड्रोलिक ट्रॉली के नीचे गांजा छिपाकर तस्करी कर रहे हैं। इस सूचना के आधार पर बोड़ला पुलिस की एक टीम ने तत्काल फॉरेस्ट नाका बोड़ला के पास विशेष चेकिंग अभियान शुरू कर दिया और मुखबिर द्वारा बताए गए वाहन के नाका से गुजरने पर उसे रोक लिया। बोड़ला पुलिस के मुताबिक वाहन सवार प्रशांत भुक्ता, पिता एकलव्य भुक्ता आयु 27 वर्ष, निवासी बोरझर कोटा थाना बाऊसुणी जिला बौद्ध ओडिशा तथा जुलु डांग पिता बीजा डांग आयु 25 वर्ष निवासी बरहापथर, थाना बाऊसुणी जिला बौद्ध ओडिशा को दबोचने के बाद वाहन की तलाशी के दौरान टीम ने टाटा इन्ट्रा वाहन की हाइड्रोलिक ट्रॉली के नीचे छिपा कर रखे गए 54 किलो ग्राम गांजा को जप्त कर लिया और दोनो आरोपियों को अपराध क्रमांक 218/2024 धारा 20(B) एनडीपीएस एक्ट के तहत गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पुलिस ने गांजा तस्करी में प्रयुक्त वाहन को भी जप्त कर लिया है।





### पुलिस महानिरीक्षक व एसपी ने की कार्यवाही की सराहना

इस बड़ी सफलता के बाद पुलिस महानिरीक्षक राजनांदगांव रेंज दीपक झा (आईपीएस) और पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह छवई (आईपीएस) ने पुलिस टीम की सराहना करते हुए निर्देशित किया कि नशे के कारोबार में शामिल अन्य अपराधियों की गहन जांच की जाए। उन्होंने यह भी सुनिश्चित किया कि जिले में मादक पदार्थों के अवैध व्यापार से जुड़े सभी अपराधियों के खिलाफ कठोर कार्यवाही जारी रहे।

### ओड़िसा से लाई जा रही थी गांजा की खेप, मध्यप्रदेश ले जा रहे थे तस्कर

पुलिसिया पूछताछ के दौरान आरोपियों ने खुलासा किया की वे गांजा की खेप ओड़िसा लेकर आ रहे थे और मध्यप्रदेश जा रहे थे। जहां उन्हें गांजा की खेप किसी को देनी थी। अब पुलिस आरोपियों से मिली जानकारी के आधार पर आगे की कार्यवाही कर रही है।

**हादसा:** युवक की तलाश में नदी की खाक छान रही रेस्क्यू टीम

# रेत निकालने गया युवक लापता, घटना के 24 घंटे के बाद भी नहीं मिला सुराग

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

जिले के पंडरिया थाना क्षेत्र के ग्राम खैरझिटी पुराना से होकर बेहने वाली हाफ नदी में एक ग्रामीण मजदूर युवक लापता हो गया है। घटना शनिवार शाम की बताई जा रही है। घटना की जानकारी मिलने के बाद मौके पर पहुंची पंडरिया पुलिस और पुलिस विभाग के गोताखोर लगातार युवक की तलाश कर रहें है लेकिन घटना के करीब 24 घंटे बाद भी युवक का कोई सुराग नहीं मिल पाया है, तलाश जारी है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम नरसिंगपुर का रहने वाला एक ग्रामीण मजदूर युवक अपने साथी मजदूरों के साथ शनिवार की शाम को खैरझिटी पुराना स्थित हाफ नदी में रेत निकालने गया था। बताया जाता है कि युवक रेत निकालने के दौरान नदी के गहरे पानी में चला गया और अचानक लापता हो गया। जिसकी उसके साथियों ने तत्काल तलाश शुरू कर दी लेकिन काफी खोजबीन के बाद भी उसका कोई अतापता नहीं चला। बात में इसकी जानकारी पंडरिया पुलिस को दी गई। लेकिन शनिवार को देरी से पुलिस तक सूचना पहुंचने और अंधेरा गहराने के कारण नदी में लापता युवक की तलाश रविवार की सुबह शुरू की गई। पंडरिया पुलिस और पुलिस विभाग के गोताखोरों ने मौके पर पहुंचकर नदी के एक बड़े हिस्से में रेस्क्यू ऑपरेशन चलाकर युवक की तलाश की लेकिन देरशाम तक उन्हें सफलता नहीं मिल पाई। बहरहाल युवक की तलाश जारी है।



### नदी से अवैध ढंग से निकाली जा रही थी रेत

यहां बताना लाजिमी होगा कि पंडरिया क्षेत्र की इस हाफ नदी में वर्षो से अवैध रेत खनन का कार्य जारी है। जिस पर शासन-प्रशासन द्वारा किसी भी प्रकार से कोई रोकटोक नहीं की जाती है। यही वजह है कि रेत माफिया दिहाड़ी के मजदूरों को रखकर बकायदा जेसीबी, ट्रैक्टर ट्राली के साथ बड़े पैमाने में पर नदी से रेत का अवैध खनन कर रहे हैं। जिसके चलते आज यहां एक बड़ा हादसा सामने आया है। गौरतलब है कि अभी कुछ दिन पूर्व भी अवैध रेत खनन को लेकर तस्करों ने वन विकास निगम के डिप्टी रेंजर तथा वन कर्मियों पर प्राणघातक हमला कर उन्हें गंभीर रूप से घायल कर दिया था। इस मामले में कुकदुर पुलिस ने करीब डेढ़ दर्जन से अधिक आरोपियों को गिरफ्तार भी किया था।

### आखिर कौन करा रहा था अवैध रेत खनन

इस मामले में जहां लापता युवक की तलाश चुनौती बनी हुई है वहीं जांच का विषय यह भी है कि आखिर लापता युवक किसके लिए नदी से रेत का अवैध खनन कर रहा था। हालांकि अभी तक इस विषय में पुलिस कुछ भी कहने की स्थिति में नहीं है। लेकिन इसकी भी जांच होनी चाहिए।

# लोहारीडीह के मृतक शिवप्रसाद के बाद अब मृतक रघुनाथ की पीएम रिपोर्ट आई सामने

- शादी में सामाजिक खाना पीना को लेकर विवाद के बीच हत्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा



जिले के रेंगाखार जंगल थाना क्षेत्र के ग्राम लोहारीडीह के तीन ग्रामीणों की बीते सितम्बर माह में हुई सिलसिलेवार मौत पर से अब पीएम रिपोर्ट सामने आने के साथ एक के बाद एक पर्दा उठते जा रहा है। जानकारी के मुताबिक बीते दिनो कचरू उर्फ शिवप्रसाद साहू की पीएम रिपोर्ट सामने आने के बाद अब मृतक पूर्व सरपंच रघुनाथ साहू की भी पीएम रिपोर्ट सामने आ गई है। जिसमें स्पष्ट किया गया है कि शिवप्रसाद की मौत आग में जलने से नहीं बल्कि, पीट-पीटकर उसकी हत्या की गई थी और बाद में उसे जलाया गया था। गौरतलब है कि गत 15 सितम्बर को लोहारीडीह गांव से करीब 10 किलो मीटर दूर बालाघाट जिले के ग्राम बीजाभाट में कचरू उर्फ शिवप्रसाद साहू निवासी लोहारीडीह की लाश संदिग्ध अवस्था में एक पेड़ पर फांसी के फंदे में लटकी मिली थी। जिसकी हत्या की आशंका जताते हुए स्थानीय ग्रामीणों की भारी भीड़ सीधे लोहारीडीह के ही पूर्व सरपंच रघुनाथ साहू के घर में धावा बोल दिया था। जिसके बाद पुलिस ने रघुनाथ के घर से ही उसकी जली हुई अवस्था में लाश बरामद की थी। इन दोनों ही मामलों में पुलिस ने मृतकों के शवों को बरामद कर मौत की वजह जानने के लिए शवों का पीएम कराया था। हालांकि पूर्व में कचरू उर्फ शिवकुमार साहू की हत्या को पुलिस ने आत्महत्या बता दिया था लेकिन बाद में जब मृतक की पुत्री द्वारा छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय से गुहार लगाई गई और इस मामले की मध्यप्रदेश पुलिस ने जांच की तो पीएम रिपोर्ट में कचरू उर्फ शिवप्रसाद की भी हत्या किए जाने की बात सामने आई। सूत्रों के मुताबिक शिवप्रसाद की हत्या के इस मामले में मध्यप्रदेश पुलिस ने लोहारीडीह के चार लोगों की गिरफ्तारी भी है। वहीं अब जिलादण्डाधिकारी द्वारा गठित जांच टीम ने रघुनाथ साहू की पीएम रिपोर्ट के हवाले से खुलासा किया है कि रघुनाथ की भी हत्या की गई थी और बाद में उसे जलाया गया था। अब लोगों को तीसरे मृतक प्रशांत साहू की पीएम रिपोर्ट का इंतजार है। जिसकी मौत लोहारीडीह काण्ड के बाद न्यायालीयन अभिरक्षा के दौरान जिला जेल में हुई थी।

# फर्जी आदेश से बीईओ बनने की कोशिश नाकाम, आदेश रद्द

- फर्जीबाड़ा, भ्रष्टाचार, गबन जैसे गंभीर आरोपों के बाद भी वैधानिक कार्यवाही शून्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

जिला स्कूल शिक्षा विभाग में पदस्थ विवादित व्याख्याता दयाल सिंह द्वारा स्वयं को प्रभारी विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी बोड़ला के पद में पदस्थ करने विभाग के समक्ष प्रस्तुत किए गए शासन के फर्जी आदेश को अब न्यायालय ने रद्द कर दिया है।

हालांकि इस फर्जीबाड़ा के आरोप में उनके विरूद्ध क्या वैधानिक कार्यवाही की गई है अभी तक इस बात की जानकारी नहीं मिल पाई है। आरोप है कि व्याख्याता दयाल सिंह द्वारा गत 27 जुलाई 2024 को फर्जी ढंग से जारी शासन के आदेश को विभाग के समक्ष पेश कर प्रभारी विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी बोड़ला के पद में पदस्थ होने का प्रयास किया था।

लेकिन शंका के आधार पर विभाग ने इन जारी आदेश की प्रमाणिकता की जांच कराई थी वहीं आरोपी द्वारा न्यायालय की शरण ली गई थी। लेकिन न्यायालय ने भी इस आदेश को रद्द कर दिया है। यहां बताना लाजिमी होगा कि व्याख्याता दयाल सिंह पर इससे पूर्व भी प्रभारी विकास शिक्षा अधिकारी पंडरिया व बोड़ला रहते हुए पद का दुरूपयोग करते हुए कई भ्रष्टाचार करने, शासकीय सम्पति, निःशुल्क पाठ्य पुस्तक, मार्कशीट व आफिस के कई सामग्री का गलत तरीके से विक्रय करने के आरोप लग चुके हैं और जांच में वे तमाम आरोपों के दोषी भी पाए गए हैं। इसके अलावा शिक्षकों को धमकाने व उनसे गलत तरीके से पैसों की उगाही करने का आरोप भी उनके ऊपर है और अब शासन का फर्जी आदेश पेश करने का आरोप भी उन पर लग चुका है।

लेकिन हैरानी की बात है कि अभी तक उनके विरूद्ध किसी प्रकार की कोई वैधानिक कार्यवाही नहीं की गई है और वे आज भी विभाग में पदस्थ हैं।

## उपमुख्यमंत्री के नेतृत्व में कवर्धा लिखेगा विकास का नया अध्यायः चेम्बर

**कवर्धा।** छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स कवर्धा इकाई ने जिले में व्यापार के हित में किये जा रहे विकास कार्यों के लिए माननीय उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा का आभार व्यक्त किया है। चेम्बर के जिलाध्यक्ष आकाश आहूजा ने कहा है कि उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा का विजन और कार्यप्रणाली बहुत ही पारदर्शिता भरा है। ऐसा पहली बार हुआ है कि जब कोई विधायक या मंत्री किसी प्रोजेक्ट को लेकर संबंधित जनता के साथ सीधा संवाद कर रहे है और उनकी मंशा के अनुरूप कार्य को करने हेतु प्रशासन के साथ समन्वय बनाते हुए योजना का निर्माण किया जा रहा है। आकाश आहूजा ने व्यापारिक हित के बड़े प्रोजेक्ट को लेकर बताया कि पुराना नगर पालिका स्थल और पुराना मंडी परिसर व्यापार के दृष्टिकोण से काफी महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट है जिसके लिए व्यापारियों और प्रशासन के मध्य लगातार बैठक चल रही है, उपमुख्यमंत्री और चेम्बर दोनों का स्पष्ट मत है कि जिनके लिए प्रोजेक्ट है उनके विचार, सुझाव और योजना मे सहभागिता से ही सफल प्रोजेक्ट का निर्माण हो सकता है। जो भी योजनाएं अभी संज्ञान मे आई है उसे देखते हुए निश्चित रूप से आने वाले समय में कवर्धा विकास का नया अध्याय रचने वाला है। किसी भी शहर का विकास वहाँ के उद्योग और व्यापार की स्थिति से तय होता है और इसके लिए सड़क, बिजली, यातायात, पार्किंग, और सुव्यवस्थित बाजार मूलभूत जरूरत है इनके बिना विकास की कल्पना नहीं की जा सकती। घोंटिया रोड के चौड़ीकरण, मेडिकल कॉलेज की स्थापना, हाई टेक बस स्टैन्ड की शुरुआत, पुराना नगर पालिका स्थल और पुराना मंडी परिसर में व्यावसायिक निर्माण, पुराना जिला अस्पताल में निर्माण, चौपाटी का निर्माण, ऐसे अनेक कार्य जो कवर्धा के विकास की कहानी गढ़ने के लिए तैयार हो रहे है, चेम्बर ने नए सभी प्रोजेक्ट का स्वागत किया है साथ ही साथ पुराने बाजारों की स्थिति की समीक्षा करके उन्हे भी मूलभूत सुविधाओं से व्यवस्थित करने पर जोर दिया है । चेम्बर ने थोक बाजार और गुड्स ट्रांसपोर्ट को शहर के बाहर व्यवस्थित करने की आवश्यकता पर भी जोर दिया है इससे शहर के यातायात का दबाव कम होगा और रिटेल बाजार को ग्रोथ मिलेगी।

## किसानों की मेहनत...



**कवर्धा।** किसानो की मेहनत रंग लाई, खेतों में लहलहाने लगी धान की फसल।

व्रत को लेकर नवविवाहिताओं में दिखा खासा उत्साह, चांद निकलने के बाद की गई पूजा

# निर्जला व्रत रखकर सुहागिनों ने की पति के लिए मंगलकामना



हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

करवा चौथ के मौके पर रविवार को सुहागिनों ने निर्जला व्रत रखकर अपने पति की दीर्घायु और स्वास्थ्य की मंगल कामना की। दिनभर व्रत रखने के बाद इन सुहागिनों ने रात में चंद्र दर्शन कर विधि विधान से पूजा की और अपने पति के हांथ से पानी पीकर व्रत खोला। करवा चौथ को लेकर विवाहिताओं में खासा उत्साह देखा गया। खासकर उन सुहागिनो का पूछना ही क्या था जिन्होंने विवाह के बाद पहली मर्तवा करवा चौक का व्रत रखा था। मुख्य रूप से पति की दीर्घायु व स्वास्थ्य पर आधारित करवा चौथ को लेकर रविवार की सुबह से ही सुहागिनें व्रत की तैयारियों में जुट गई थी। विवाहित महिलाएं, स्नान, ध्यान व श्रृंगार कर पतियों के साथ शिवालयों व दूसरे मंदिरों में गई जहां उन्होंने विधिवत पूजा पाठ कर, निर्जला व्रत प्रारंभ किया। दिनभर सुहागिनों ने व्रत के नियमों का पालन करते हुए जल भी ग्रहण नहीं किया। व्रत रखने वाली महिलाओं ने अपने पतियों को काम धाम में जाने से पहले उन्हें चन्द्र दर्शन तक घर लौट आने की मनुहार भी की। हिन्दू धर्म शास्त्र में मान्यता है कि, व्रती सुहागिनों को चन्द्रमा और यथा सम्भव पति के दर्शन के पश्चात ही करवाचौथ का व्रत त्यागना चाहिए। सुहागिनें शाम होते ही चांद निकलने और पतियों के घर लौट आने की प्रतीक्षा करती रही। मौसम साफ होने और पति के सही समय पर घर लौटने के बाद महिलाओं ने चलनी की ओट से पहले चन्द्रमा के फिर अपने पति के दर्शन किए। तत्पश्चात तुलसी चौरा पर भगवान गौरी गणेश की पूजा अर्चना की तथा पति के हांथों पानी की पीकर व्रत खोला। काम काज के चलते जिन सुहागिनों के पति देर रात तक नहीं लौट पाए उन्हें काफी कठनाईयों का भी सामना करना पड़ा। करवा चौथ को लेकर नवविवाहिताएं काफी उत्साहित थी और उन्होंने घर की सास, जेठानी व दूसरी सयानी महिलाओं से नेग धर्म पूछकर, करवा चौथ का निर्जला व्रत रखा तथा पति की दीर्घायु और स्वास्थ्य की मंगल कामना की। कुल मिलाकर करवा चौथ के मौके पर विवाहित महिलाओं में खासा उल्लास देखा गया।

### बाजार में रही खासी रौनक

पर्व को लेकर कवर्धा नगर के बाजार में भी खासी रौनक देखने को मिली। करवा चौथ में उपयोगी मिट्टी के करवा के दर्जनो पसरा नगर के बाजार में लगाए गए थे। जिनमें एक से बढ़कर एक रंगबिरंगे करवा की व्रति महिलाओं ने जमकर खरीदी की। इसके अलावा मिष्ठान तथा सुहाग के सामानो की दुकानों में भी महिलाओं की खासी भीड़ देखने को मिली। कुल मिलाकर करवा चौथ की रौनक बाजार में भी रविवार को दिन देखने को मिली। रविवार को शासकीय अवकाश होने के कारण विवाहिताएं अपने पतियों के साथ खरीदी करने पहुंची थी।

# लोहारीडीह काण्ड को लेकर कांग्रेस का धरना प्रदर्शन एवं घेराव कार्यक्रम आज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा



भले ही लोहारीडीह के ग्रामीणों ने लोहारीडीह काण्ड को लेकर कांग्रेस द्वारा 21 अक्टूबर को आयोजित होने वाले धरना प्रदर्शन एवं स्थानीय विधायक कार्यालय घेराव से दूरी बना ली है लेकिन जहां तक कांग्रेस की बात की जाए तो कांग्रेस अपने पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत आयोजन की तैयारियों को अंतिम रूप देने में जुटी है। इस संबंध में जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष होरीराम साहू ने बताया कि कांग्रेस लोहारीडीह के पीड़ितों को न्याय दिलाने और मामले के दोषियों के खिलाफ कार्यवाही की मांग को लेकर 21 अक्टूबर को जिला मुख्यालय कवर्धा में एक बड़ा आंदोलन करने जा रही है जिसकी सभी तैयारियों पूरी कर ली गई है। उन्होने बताया कि 21 अक्टूबर को जिला मुख्यालय कवर्धा के गांधी मैदान में सर्वप्रथम विशाल धरना प्रदर्शन एवं जनसभा का आयोजन किया जाएगा। जिसमें प्रदेश के पूर्व मुख्य भूपेश बघेल, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज सहित कांग्रेस के विधायक व बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी तथा कार्यकर्ता शामिल होंगे। धरना प्रदर्शन कार्यक्रम को मुख्य वक्ताओं द्वारा संबोधित किए जाने के बाद कांग्रेस पार्टी अपनी मांगों को लेकर स्थानीय विधायक कार्यालय का घेराव करेगी। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष होरीराम साहू ने इस आयोजन में कांग्रेस के कार्यकर्ताओं तथा पदाधिकारियों से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर कार्यक्रम को सफल बनाने का आव्हान किया है।